# एसपी द्वारा महिला थाना एवं थाना अजाक का किया गया वार्षिक निरीक्षण



सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक सिंगरौली श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा महिला थाना सिंगरौली एवं थाना अजाक का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने में उपस्थित सभी बल की उपस्थिति देखी गई।

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया व साफ-सफाई संबंधी आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके बाद थाना में संधारित होने वाले रजिस्टरों को चेक किया गया व संधारित रजिस्टर की कमियों की पूर्ति करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाकर निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला थाना एवं थाना अजाक में लंबित शिकायतों का अवलोकन किया गया। लंबे समय से लंबित शिकायतों को एक सप्ताह के अंदर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी एवं थाने में उपस्थित स्टाफ को बताया गया कि थाने में शिकायत प्राप्त होने के बाद त्वरित रूप से संबंधित शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें किसी भी शिकायत जांच में किसी प्रकार की लापरवाही ना करें। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। महिला संबंधी प्रत्येक मामलो को तत्परता पूर्वक सुनने व तत्काल कार्यवाही करने हेतु महिला थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने में लंबित अपराधों का विवेचकवार अवलोकन किया गया। लंबित अपराधों के निराकरण हेतु निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित बल को बताया गया कि आपको किस प्रकार से अपनी विवेचनाओं में सुदृढ़ रूप से कार्यवाही करनी है। कैसे आप अच्छी विवेचना करके आरोपी को सजा कर सकते हैं। विवेचना के क्या-क्या मापदंड होने चाहिए, किस प्रकार से अच्छी विवेचना की जानी चाहिए और आपको अपनी विवेचना में क्या-क्या सुधार लाने की आवश्यकता है। सभी से विस्तृत चर्चा की गई।

### जन चेतना शिविर में उपस्थित काउंसलरो से की चर्चा

पुलिस अधीक्षक द्वारा जन चेतना शिविर में आए काउंसलरों को भी समक्ष में बुलाकर चर्चा की गई। काउंसलिंग में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई यह भी अवगत कराया गया कि आप काउंसलिंग के पश्चात समझौता होने के बाद भी प्रकरण में विशेष नजर रखनी है और उन्हें समक्ष में बुलाकर बीच-बीच में जानकारी लेनी है।थाना अजाक निरीक्षण के दौरान मालखाना, शस्त्रागार, रिकार्ड रूम, हवालात आदि को चेक किया गया।

### थाना प्रभारी को दिए गए निर्देश

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी अजाक एवं महिला थाना को थाने में आने वाले फरियादियों की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। थाने में आने वाले फरियादियो के साथ अच्छा व्यवहार किया जाये व उनकी शिकायतो को सुना जा कर उचित वैधानिक कार्यवाही की जाये।

# भाजयुमो ने कारगिल विजय दिवस पर निकाला विशाल मशाल जुलूस यात्रा



सिंगरौली। भारतीय जनता युवा मोर्चा सिंगरौली के द्वारा शहीदों के सम्मान में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर उसके पूर्व संध्या में भारतीय जनता युवा मोर्चा के 2000 युवाओं के साथ विशाल मसाल यात्रा जुलूस निकाला गया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता सिंगरौली सदर विधायक रामनिवास शाह भाजपा जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशा अरुण यादव एवं अरविंद दुबे भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप चौबे,संदीप झा,पूर्व विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष नरेश शाह,पुनीत शुक्ला, बबलू दुबे, भाजयुमो सिंगरौली प्रभारी विकास मिश्रा भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष धर्म वर्मा, सुभेंद्र प्रताप सिंह,भाजयुमो बैढ़न मण्डल अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, भाजयुमो जिला महामंत्री रामेश्वर गुप्ता, भाजयुमो जिला मंत्री विकास सिंह चंदेल भाजयुमो जिला मंत्री ज्योतिशंकर पाण्डेय भाजपा जिला कार्यालय मंत्री कृष्ण कुमार कुशवाहा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विजया सिंह भाजयुमो विन्ध्यनगर मण्डल अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा, जयंत अभिषेक मिश्रा, भाजयुमो मण्डल तियरा अध्यक्ष अशोक शाह, जियावन संजय शाह,खुटार महाराणा प्रताप, अमन सिंह राजपूत,मनीष द्विवेदी,उमेश शाह,केशर सिद्धिकी,नैसी सिंह परिहार,विक्रम सिंह,अजय वर्मा, कार्यक्रम के प्रभारी एवं भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अम्बेश द्विवेदी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस के पूर्व संध्या पर हमारे भारतीय जनता युवा मोर्चा के समस्त जिला पदाधिकारी व मण्डल अध्यक्षों के साथ मिलकर 2000 अपने युवा साथियों के साथ विशाल मशाल जुलूस यात्रा निकाला गया। जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा सिंगरौली जिले के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह परमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# सासन पावर ने 117 बच्चों को वितरित किए गणवेश, बैग एवं पठन पाठन की सामग्री



सिंगरौली। सासन पावर लिमिटेड के सीईओ एवं स्टेशन डायरेक्टर के दिशा निर्देशन में सीएसआर गतिविधियों के अन्तर्गत शिक्षा संवर्धन कार्यक्रम प्राथमिक पाठशाला कैम्हाडांड तियरा में किया गया। कार्यक्रम का विधवत शुभारम्भ तियरा सरपंच बंशराज सिंह, हेड सिक्योरिटी रवि मिश्रा, हेडमास्टर विवेक कुमार चन्देल, प्रवीण सिंह, पुमेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। जिसमे सहायक सेक्रेटरी सतोष सिंह, सीएसआर विभाग से फु जैल अहमद एवं नागेन्द्र सिंह, नृपेन्द्र पाण्डेय, दिव्या सिंह, अवनीश कुशवाहा विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं आस पास के ग्रामीणजन ने सहभागिता कर अपने ढेर सारे अनुभव साझा किए। शिक्षा संवर्धन कार्यक्रम के तहत् परियोजना के आस-पास के ग्रामों की शासकीय विद्यालयों की माँग अनुसार चार विद्यालयों के अभावग्रस्त, मूलभूत संसाधनों से वंचित जरूरतमंद बच्चों को सासन पावर लिमिटेड के सीएसआर विभाग द्वारा शासकीय प्राथमिक पाठशाला कैम्हाडांड तियरा में लगभग 117 बच्चों को गणवेश, बैग एवं पठन -पाठन की सामग्री का वितरण किया गया। इसी शिक्षा संवर्धन कार्यक्रम के तहत परियोजना के आसपास के ग्रामों के अन्य शासकीय विद्यालय जैसे प्राथमिक शाला लटवुडवा सिद्धीखुर्द, प्राथमिक शाला भाडीटोला हर्रहवा प्राथमिक शाला गिद्दाखाडी सिद्धीखुर्द में भी उपरोक्त सामग्री के वितरण की योजनाएँ है,जिसमें कुल 600 बच्चे लाभान्वित होंगे ।

# उत्कृष्ट विद्यालय में गुड सेमेरिटन योजना एंव यातायात जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक, श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, पी.एस. परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यनगर के मार्गदर्शन में जगह-जगह जागरुकता एंव सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों की जागरुकता हेतु लगातार यातायात प्रर्वतन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तारतम्य में आज 27 जुलाई को थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक विद्यावारिधि तिवारी के द्वारा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल व्यक्तिओ को (गोल्डन अवर) अर्थात दुर्घटना घटित होने के एक घंटे के भीतर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल/ट्रामा केयर सेंटर पहुंचा कर जान बचाने के लिए, प्रोत्साहन अवार्ड हेतु गुड सेमेरिटन योजना बनायी गई है, गंभीर रूप से घायल व्यक्ति अर्थात बडी शल्य चिकित्सा या तीन दिन से अधिक अस्पताल में भर्ती होना, ब्रेन इनजुरी, रीढ की हड्डी मे इनजुरी होना शामिल हैं।गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर आमजनता के बीच मे पहुंचाने हेतु उत्कृष्ट विद्यालय बैढन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे छात्र-छात्राओ को योजना से संबंधित जानकारी दी गई साथ ही दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने एवं पीछे बैठने वालों को भी हेलमेट लगाने हेतु बताया गया, चार पहिया वाहन चलाते सनय सीटबेल्ट लगाने हेतु बताया गया, वाहनों को निर्धारित गतिसीमा से अधिक न चलायें, शराब पीकर वाहन न चलायें, यातायात नियमों का पालन किए जाने की शपथ दिलाई गई। गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) योजना के तहत प्रोत्साहन हेतु 5,000 रूपये पुरूस्कार एंव प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाने का प्रवाधान है। उक्त योजना के तहत संकड दुर्घटनाओ में गंभीर घायल व्यक्तिओ को गोल्डन अवर में अस्पताल पुहचाने वाले व्यक्ति को सड़क परिवहन एव राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उक्त योजना के तहत प्रोत्साहन स्वरूप 5,000 रूपये पुरूस्कार एंव प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाने का प्रवाधान है।सिंगरौली यातायात पुलिस आमजन से अपील करती है कि दो पहिया वाहन में हेलमेट अवश्य लगाये, यातायात के समस्त नियमो का पालन कर सड़क दुर्घटनाओ से बचे। कार्यक्रम मे निरीक्षक विद्यावारिधि तिवारी, थाना प्रभारी यातायात एंव विद्यालय प्राचार्य पारसनाथ दुबे, अध्यापक चंद्रिका प्रसाद वैश, रजनीश कुमार तिवारी, पंकज शर्मा, आशा सिंह, यातायात स्टाफ सउनि हॉमिद खॉन, शिवेन्द्र सिंह, प्रआर. पुष्पेन्द्र, उमेश बागरी, आर. विकाश तिवारी एंव अन्य समस्त यातायात स्टॉप की सराहनीय योगदान रहा।

# अतिक्रमण की चपेट मे झखरावल श्मशानघाट, प्रशासन बना मूकदर्शक

सिंगरौली। जिले के देवसर तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत झखरावल में एक समुदाय विशेष के द्वारा अतिक्रमण कर श्मशानघाट कवरिस्तान पर अपना एकाधिकार कर लिया गया है वहीं सरपंच व ग्राम वासियों के द्वारा उपखण्ड अधिकारी देवसर तहसीलदार तहसील देवसर के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा कर ग्राम पंचायत झखरावल में सेमरा नदी के किनारे शासकीय भूमि पर जहां मवेशियों का चारागाह बच्चों का खेल मैदान तों झखरावल वासियों श्मशानघाट और मवेशियों का वाड़ा के लिए शासन प्रशासन के द्वारा आरक्षित किया गया है तों वहीं शासन प्रशासन के द्वारा ग्राम पंचायत झखरावल में झरीया नाला के पास 3 एकड़ जमीन मुस्लिम समाज को कब्रिस्तान के लिए आरक्षित हैं वहीं झरीया नाला के पास 5 एकड़ जमीन जवाहर वाग के लिए आरक्षित हैं। उक्त भूमिओ पर झखरावल के लोगो द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके सम्बन्ध में ग्राम वासियों ने शासन प्रशासन के आला अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर दिया।उपखण्ड अधिकारी देवसर तहसीलदार तहसील देवसर ने ग्राम वासियों को ज्ञापन सौंपते समय अधीकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि मौका मुआयना कर उचित कार्यवाही करेंगे।

# आरटीओ कार्यालय में चौधरी की वसूली, बिना मर्जी के नहीं बढ़ती फाइल

## दलाली, भ्रष्टाचार और वसूली से आरटीओ कार्यालय में बोलबाला, किसके छत्रछाया में फल फूल रहा भ्रष्टाचार



सिंगरौली। पूर्व कि सरकारों की तरह मोहन सरकार में भी दलाली, भ्रष्टाचार और वसूली से आरटीओ ऑफिस अछूता नहीं रहा. कारण है कि क्योंकि आरटीओ अफसर ही इस भ्रष्टाचार की 'इमारत' को खोखला करने में लगे हुए हैं. इनकी छत्रछाया में ही यह भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है. आरटीओ में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं। वसूली के लिए जबलपुर से चौधरी बाकायदा ऑफिस के अंदर कुर्सियों में बैठकर काम कर रहा हैं जिन्हें लोग पहचानते ही नहीं हैं। इन चौधरी को साहब ने अपनी भ्रष्टाचार की अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए बैठा रखा है। चौधरी के बिना इजाजत के मजाल क्या की कोई फाइल आगे बढ़ सके। बता दें कि आरटीओ दफ्तर के विभिन्न विभागों की जांच पड़ताल की गई तो सच सामने आया. यहां सभी विभागों के सरकारी कर्मचारी जबलपुर से आए चौधरी को रिपोर्टिंग करते पाए गए। चौधरी बाकायदा कुर्सियों में सरकारी कर्मचारी की तरह काम निपटाते नजर आया. इस चौधरी का लेखा जोखा किसी अधिकारी के पास नहीं है. इनके बारे में पता करने पर कोई भी कुछ बताने को तैयार नहीं हुआ. सूत्रों का दावा है कि चौधरी आरटीओ दफ्तर में आने के बाद साहब के चेंबर में ही फाइलों को चेक करता है और उस काम की आवाज में कितने पैसे वसूलना है रेट फिक्स करता है और साहब के लिए वसूली करते हुए हिसाब किताब कर उन तक पहुंचना है। जबलपुर से आएं चौधरी अवैध वसूली में जिले में एक नया इतिहास लिख रहा है। हमारे सूत्र ने बताया कि इन लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, फिटनेस, परमिट कराने के लिए एजेन्टों, दलालों से मिलकर वाहन चालक और मोटर मालिक काम करते थे जिसे सभी अवैध वसूली करते थे लेकिन अब वसूली का एक बड़ा हिस्सा चौधरी को भी जाता है लिहाजा अब इन सभी कामों के लिए लोगों को ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। चौंकाने वाली बात तो यह है कि जिले में जबलपुर से आकर कार्यालय में अवैध वसूली करने वाले इस चौधरी पर नकेल कसने की कोई हिमाकत क्यों नहीं कर पा रहा। सूत्रों का दावा है कि पिछले 3 साल से जबलपुर से आए चौधरी ने डीएल बनवाने, रिनीवल करवाने, गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन, ट्रांसफर, लाइसेंस, फिटनेस, परमिट आदि काम में जमकर अवैध वसूली की हैं।

# आदिवासी छात्रावास का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण



सिंगरौली। कलेक्टर के निर्देश पर चितरंगी एसडीएम सुरेश जादव ने शनिवार को शिवपुरवा विद्यालय व आदिवासी बालक छात्रावास चितरंगी का औचक निरीक्षण किया। जहां विद्यालय में तीन शिक्षकों की अनुपस्थिति मिलने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया,वहीं विद्यालय के प्राचार्य को फटकार लगाई गई। एसडीएम चितरंगी श्री जादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज शनिवार को शिवपुरवा विद्यालय व आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण किया गया। जहां निरीक्षण के दौरान विद्यालय में तीन शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। जिन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। वहीं छात्रों की कम उपस्थिति होने पर फटकार लगाते हुए,कड़े निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आदिवासी बालक छात्रावास चितरंगी में पहुँच कर बच्चो के स्वास्थ्य,खान पान ,रहन सहन व मेडिकल परीक्षण के साथ अन्य जानकारी ली गई एवं वार्डन को आवश्यक निर्देश के साथ किसी तरह की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही करने की बात कही गई है।

# शोषित समाज के लोगों को हक अधिकार दिलाने के लिए कांग्रेस आर पार की लड़ाई लड़ेगी: राम शिरोमणि



सिंगरौली। जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग जिला सिंगरौली के तत्वधान में आजाद भारत में शोषित समाज के लोगों को समाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, शैक्षणिक दशा एवम दिशा पर चिंतन बैठक ग्राम घुरीताल में मुख्य अतिथि राम शिरोमणि शाहाबाल प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के मीटिंग हाल में संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुदामा प्रसाद कुशवाहा के द्वारा किया गया जिसमें अनुसूचित जाति,जनजाति,पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक समाज एवं शोषित समाज के क्रांतिकारी कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित हुए और सर्वसम्मति से जिले का कांग्रेस का कमान पिछड़ा वर्ग के दबंग एवं जुझारू नेता को मौका देने के लिए, वरिष्ठ नेताओं को पत्राचार करने के लिए, निर्णय लिया गया, मुख्य अतिथि राम शिरोमणि शाहवाल के द्वारा कहा गया की शोषित समाज के लोगों का आर पार की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस, हम आज वचनबद्ध होते हैं कि भारतीय संविधान की व्यवस्था के तहत शोषित समाज के लोगों का न्या न्याय दिलवाने के लिए अग्रसर रहेंगे अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष चुनाव प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश के जनता को बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंनेएच भ्रष्टाचारियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है अन्यथा भारतीय संविधान को परिवर्तन करने की भाजपा की पूरी तैयारी थी कार्यक्रम में उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग जिला सिंगरौली के संगठन मंत्री अधिवक्ता उसैद हसन सिद्दीकी ने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समाज के लोगों का 25 कार्यकारिणी सदस्यों की एक टीम बनाकर शोषित समाज के लोगों को जमीनी स्तर से न्याय दिलाने का प्रयास किया जाना चाहिए तभी कांग्रेस मजबूतहो होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित मनोज शाह, पार्षद अनिल वैश्य,पार्षद रामगोपाल पाल, पार्षद रविंद्र सिंह पटेल ,ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद शाह अखिलेश प्रसाद साह, हरिश्चंद्र कुशवाहा ,सुदामा प्रसाद साकेत, अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद साकेत ,संजय शाह,अनिल वर्मा,रामदयाल शाह,रामपुकार शाह, प्रहलाद शाह,आत्माराम जायसवाल,कई लोगों ने शोषित समाज के लोगों को न्याय दिलाने के लिए संकल्पित होकर कांग्रेस पार्टी को मजबूतयू करने के लिए वचनबद्ध हुए उक्त अवसर पर मीना जयसवाल, रामलल्लू शाह, अजमल रजा सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, ज़िला- रीवा (म.प्र.)

//निविदा सूचना – (2nd CALL)//

क्रमांक-229/ई-टेंडर/न.पा.नि./2024 — रीवा, दिनांक 26.07.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.inपर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2024_UAD_360198_1 26.07.2024 [SECOND CALL] | नगर पालिक निगम क्षेत्रान्तर्गत पानी की आपूर्ति हेतु ट्रैक्टर एवं टैंकर किराये के आधार पर लेने हेतु निविदा। | 12 माह ₹23.33 लाख | ₹5000.00 ₹17498.00 | 12.08.2024 17:30 बजे तक। |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.inकी वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
रीवा ( म.प्र. )

# सीईओ जिला पंचायत ने किया डेम्हा गांव का भ्रमण, ग्रामवासियों से की चर्चा

**संयुक्त दलों द्वारा विस्तृत स्वास्थ्य सर्वे का कार्य किया जा रहा**

**पेयजल स्त्रोतों में क्लोरीन डालने की कार्यवाही की गई**



सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे द्वारा ग्राम डेम्हा की आदिवासी बस्ती में भ्रमण कर ग्रामवासियों से चर्चा की गई। गत दिवस ग्राम डेम्हा की आदिवासी बस्ती में उल्टी-दस्त से 5 परिवार के 12 सदस्य प्रभावित होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसमें 6 व्यक्ति स्वस्थ होकर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है तथा 6 व्यक्तियों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है, जिनमें सभी की हालत सामान्य है।

आदिवासी बस्ती के लोग जिस ट्यूबेल के पानी का उपयोग कर रहे थे उनका सेंपल लेकर स्वास्थ्य विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जांच हेतु भेजा गया है। पंचायत द्वारा टैंकर के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय स्तर पर मौसमी कनकौआ, चेचु, चकौड़ा इत्यादि अस्वास्थ्यकर भाजी सब्जियों के उपयोग न करने हेतु स्थानीय ग्रामीणों को समझाईस दी गई। स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग एवं पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त दलों द्वारा विस्तृत स्वास्थ्य सर्वे का कार्य किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा सीएमएचओ, ईईपीएचई एवं सीईओ जनपद पंचायत को बारिश के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए अन्य गांवों में भी पेयजल परीक्षण करने एवं स्वास्थ्य सर्वे हेतु निर्देशित किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों द्वारा निर्देशानुसार डेम्हा ग्राम के पेयजल स्त्रोतों में क्लोरीन डालने की कार्यवाही की गई।

भ्रमण के दौरान उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई.जे. गुप्ता, ईई पीएचई टी.एस. बरकड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी अशोक तिवारी, नायब तहसीलदार तीरथ अक्षरिया उपस्थित रहे।

## जिले में औसत वर्षा 361.4 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा कुसमी में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 27 जुलाई को सीधी जिले में 37.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 25.6 मि.मी., चुरहट में 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 46.0 मि.मी., सिहावल में 56.4 मि.मी., बहरी में 62.0 मि.मी., मझौली में 28.0 मि.मी. और कुसमी में 46.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 361.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 27 जुलाई तक तहसील कुसमी में सर्वाधिक वर्षा 482.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 459.2, चुरहट में 264.8, गोपद बनास में 284.8, सिहावल में 394.6, बहरी में 243.6 और मझौली में 401.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 280.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 80.7 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# प्रकृति संरक्षण के लिए जन अभियान परिषद द्वारा प्रस्फुटन समितियों की बैठक

**सह मां के नाम एक पेड़ अभियान अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित**

सीधी

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मलिया के मुख्य आतिथ्य और विकास खंड समन्वयक अनिल पाठक के विशिष्ट आतिथ्य में और परामर्श दाता गोविंद गौतम, नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति सीधी से रविशंकर मिश्र, नवांकुर संस्था सचिव मीरा गौतम, सरपंच कल्पना कोल के उपस्थित में ग्राम पंचायत मरसरहा सेक्टर क्रमांक 05 कुबरी विकासखंड सिहावल में सभी ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला समन्वयक द्वारा प्रस्फुटन समितियों द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। समितियों के दस्तावेज पूर्ण करने हेतु आवश्यक सुझाव के साथ पौधा लगाने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया गया और शासन की हर जन कल्याणकारी योजनाओं को जरूरत मंद तक पहुंचाने में सहयोग और प्रचार-प्रसार करने को कहा गया। बैठक उपरांत नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति सीधी और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मरसरहा द्वारा प्रस्फुटन समिति मरसरहा कार्यालय के पास एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवदत्त उर्मलिया द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों के साथ आम और करंज के पौधे का रोपण किया गया और उनके संरक्षण के साथ सभी को एक पेड़ लगाने का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम के अंत में आए समस्त अतिथियों का ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष राजेश सिंह के द्वारा धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया। आज के कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पुजौही से दिव्यप्रकास गौतम, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सरेह से रमेश शुक्ला, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मरसरहा से ललिता सिंह नवांकुर संस्था से रुद्रांश मिश्र, ग्रामीण जन में पवन द्विवेदी, संतोष सिंह, संतोष द्विवेदी, अमन द्विवेदी, रामबली यादव, शिवदास कोल, दीपक रावत, कंधई कोल और अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## सांसद के परिवार ने कारगिल में शहीद हुए त्रिपाठी के पत्नी का किया सम्मान



**सीधी।** कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ पर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री मिश्रा, सुपुत्र डा अजय मिश्रा, श्रीमती संध्या मिश्रा ने चुरहट के अमर बलिदानी शहीद बृजभूषण तिवारी जी के निवास नौढिया पहुँच कर उनकी पत्नी श्रीमती राम कली त्रिपाठी और परिवार जनों को सम्मानित की और श्री त्रिपाठी के बलिदान को नमन किया एवं घर परिवार का कुशल छेम जाना।

सांसद डॉ मिश्रा के जेष्ठ पुत्र डॉ अजय मिश्रा ने कहा कि माँ भारती की रक्षा हेतु उनका बलिदान हम सभी को सदैव प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा बजट सत्र के लिए दिल्ली में है।

# दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति को 10 वर्ष की सजा

सीधी

बताया गया कि दिनांक 07.06.2021 को सूचनाकर्ता प्यारेलाल सिंह ने पुलिस चौकी मड़वास में इस आशय की सूचना दर्ज करवाई कि उक्त दिनांक को वह नित्यक्रिया हेतु तालाब तरफ गया था, जहां पानी छूने पर उसे कपड़ा दिखायी दिया तथा पास जाने पर सिर के बाल का जूड़ा दिखायी दिया, तब उसने आसपास के लोगों को एवं रामप्रताप को भी सूचना दी, क्योंकि रामप्रताप की पत्नी 05.06.2021 से गायब थी। रामप्रताप ने पहचाना कि कपड़ा उसकी पत्नी का है। उक्त सूचना पर देहाती मर्ग इंटीमेशन कायम की गयी तथा उक्त मर्ग इंटीमेशन के आधार पर थाना मझौली में आकस्मिक एवं अकालमृत्यु की सूचना क्रमांक 77/21 लेखबद्ध की गयी व जांच प्रारंभ की गयी। जांच के दौरान पाया गया कि मृतिका लक्ष्मी सिंह गोंड का आरोपी रामप्रताप से वर्ष 2018 में विवाह हुआ था तथा विवाह के 6 माह बाद से आरोपी, मृतिका से दहेज में मोटरसायकल व सोने की अंगूठी की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित करता था, जिस कारण दहेज की मांग से प्रताड़ित होकर मृतिका ने तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। उक्त विवेचना के आधार पर पुलिस थाना मझौली, जिला सीधी में अपराध क्रमांक 631/21 अंतर्गत धारा 498ए, 304बी भादवि एवं ३ दहेज प्रतिषेध अधिनियम पंजीबद्ध किया गया एवं विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय सत्र न्यायालय सीधी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन सत्र प्रकरण क्रमांक 95/21 में शासन की ओर से शसक्त पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक श्री रमाशंकर दुबे द्वारा मामला संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, सीधी के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश, जिला सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त रामप्रताप सिंह गोंड तनय शुभान सिंह गोंड, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम बड़ेरा टोला डोल, चौकी मड़वास, थाना मझौली, जिला सीधी (म.प्र.) को धारा 498ए, 304बी भादवि एवं धारा 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के आरोप में कुल 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 7,000/- रू. अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में सतत् जल जनित बीमारियों के बचाव हेतु जिला स्तरीय प्रकोष्ठ कन्ट्रोल रूम गठित

सीधी

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सीधी ने आदेश जारी कर मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशों के परिपालन में वर्षा काल को दृष्टिगत रखते हुए सीधी जिले के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सतत् जल जनित बीमारियों के बचाव हेतु जिला स्तरीय प्रकोष्ठ कन्ट्रोल रूम का गठन किया गया है।

जारी आदेशानुसार सुबह 09 बजे से शायं 6 बजे तक शिवशंकर पाण्डेय मानचित्रकार मो. नं. 9893479009 को प्रकोष्ठ का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार योगेन्द्र प्रसाद मिश्र मो. नं. 8964806154 सहायक मानचित्रकार एवं मुद्रिका प्रसाद त्रिपाठी मो. नं. 9755832314 आउट सोर्स पीएमयू स्टाप को प्रकोष्ठ सहायक नियुक्त किया गया है। सायं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रेमलाल गुप्ता मो. नं. 9993325316 स्थाई कर्मी एवं रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रामखेलावन केवट मो. नं. 6264454252 की ड्यूटी लगाई गई है।

# मारपीट के आरोपियों को न्यायालय उठने तक की सजा व जुर्माना

**सीधी।** बताया गया कि दिनांक 28.01.2022 को फरियादी दिलीप बंसल ने थाना जमोड़ी में इस आशय की सूचना दर्ज करवायी कि उक्त दिनांक को वह ठेला में रखकर कुलर को मधुरी कोठार ले जा रहा था,तभी खिलाड़ी मिश्रा की दुकान के पास खड़ी एक मोटरसायकल में कुलर की डंडी लग गयी। इसी बात को लेकर गौरव सिंह परिहार व उसका एक अन्य साथी उसे मां बहन की गालियां देते हुए बोले कि तेरे भाव बहुत बढ़ गये हैं और उसके साथ मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की उक्त सूचना के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना जमोड़ी में अपराध क्रमांक 43/2022 अंतर्गत धारा 294, 323, 506 भा.द.सं. व धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(1-ड्ड) एस.सी.एस.टी. एक्ट की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गई व प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय विशेष न्यायालय सीधी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन विशेष सत्र प्रकरण क्रमांक 19/22 में शासन की ओर से शसक्त पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक श्री रमाशंकर दुबे द्वारा मामला संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप माननीय विशेष न्यायाधीश, एससीएसटी एक्ट सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्तगण 1. गौरव उर्फ आशीर्वाद सिंह तनय डी.एन. उर्फ धनवंतर सिंह परिहार, उम्र 25 वर्ष, 2. बलवीर पाण्डेय तनय रामखेलावन पाण्डेय, उम्र 21 वर्ष दोनो निवासी ग्राम मधुरी कोठार, थाना जमोड़ी, जिला सीधी (म.प्र.) को धारा 323/34 भादवि के आरोप में दोनो को न्याकयालय उठने तक के कारावास एवं 1,000/- 1,000/- रू. अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया।

## सड़क मार्ग से कोयला एवं राखड़ परिवहन विनियमित किये जाने का आदेश 23 सितम्बर तक रहेगा प्रभावशील

**कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रतिबंधत्मक आदेश**

**सिंगरौली।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन पत्र के आधार पर सिंगरौली जिले में सड़क मार्ग से कोयला एवं राखड़ परिवहन विनियमित किये जाने के दृष्टिकोण से 24 मई, 2024 को दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया था। उपरोक्त आदेश 23 जुलाई 2024 तक प्रभावशील रहेगा। पुलिस अधीक्षक सिगरौली के द्वारा उक्त आदेश की समय-सीमा आगामी अवधि के लिये विस्तारित जाने का अनुरोध किया गया है।अतएव पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 (5) के तहत उक्त आदेश के प्रभावशील रहने की समय-सीमा दिनांक 23.09.2024 तक के लिये बढ़ाई गई है। उक्त आदेश के शेष अन्य उपबन्ध यथावत प्रभावशील रहेंगे।आदेश के उल्लंघन की दशा में, संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## मानव जीवन को बचाए रखने के लिए एक पौधा आवश्य लगाए: अनामिका

**सिंगरौली।** वार्ड क्रमांक 39 जमुआ में वृक्षारोपण का कार्यक्रम स्पंदन संस्था एनजीओ ने किया। जिसमें अध्यक्ष अनामिका सिंह के संदेश दिया गया कि पेड़ है, जल है, जल है तो कल है, हमे अपने कल को बचाने के लिए हमारा कर्तव्य है । हम पेड़ को बचाए पेड़ को लगाने चाहिए। हमारे पौराणिक ग्रंथ में भी कहा गया है कि आषाढ़ महीने में भगवान विष्णु की पूजा के साथ पेड़-पौधे लगाने का विधान ग्रंथों में बताया है। इस महीने लगाए पेड़-पौधों से दोष दूर होने की मान्यता ग्रंथों में बताई गई है। पुराणों और स्मृति ग्रंथों में वृक्षारोपण करने का बहुत पुण्य बताया है। आषाढ़ मास में पीपल, बरगद, नीम, आंवला, अशोक, तुलसी, बेल और अन्य पेड़-पौधे लगाने की परंपरा है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस दौरान बारिश का मौसम होता है। जिससे पेड-पौधे मुरझाते नहीं और जल्दी बड़े होते हैं। हमें मानवता के नाते अपने आने वाले भविष्य की रक्षा करे। जिस तरीके से बेतहाशा गर्मी इस बार देखने को मिली उससे हमें निजात पौधे ही दिला सकते है। कहां गया है कि एक वृक्ष सौ पुत्र के समान होता है। इसलिए हमें अपने आने वाली पीढ़ी को बचाने के लिए हमें खुद और अपने परिवार जनों से एक-एक पौधा जरूर लगवाना चाहिए। वह वृक्षारोपण के दौरान स्पंदन संस्था के अध्यक्षया अनामिका सिंह तथा सभी सदस्यों ने एक-एक पौधा लगा कर जब तक वह पौधा बड़ा नहीं हो जाता तब तक इसकी हम देखभाल करेंगे। इसकी जिम्मेदारी भी ली। इस अवसर पर कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष अनामिका सिंह , उपाध्यक्ष शालिनी श्रीवास्तव, सदस्य अर्चना कारीवाल , रेखा सिंह, अर्चना पाण्डेय , ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानु , राजेश पाण्डेय, अशोक सिंह, अलुल खान, उपेन्द्र साह , धर्मेंद्र गौतम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# चुरहट में कर्जदार से परेशान किसान ने की आत्महत्या

सीधी

एमपी में सीधी के चुरहट में अधेड़ व्यक्ति कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। ममदर निवासी राम नरेश विश्वकर्मा ने स्वसहायता समूह के माध्यम से अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए कर्ज लिया था, लेकिन समय पर किस्त जमा कर पाए। आए दिन समूह के माध्यम से कर्ज देने वाले लोग प्रताड़ित कर रहे थे। तंग आकर आत्मघाती कदम उठाया है।

चिटफंड कंपनियों के नियम कानून के बारे में लोगों को जानकारी नहीं है उन्हें इन कंपनियों के एजेंटों द्वारा अपने जाल में फंसाकर उनका शोषण व्यापक पैमाने पर किया जा रहा है।

सीधी शहर की विभिन्न गलियों में इस तरह की फाइनेंस कंपनी संचालित हैं, जो पहले कम पढ़े लिखे लोगों को जोड़ने के लिए समूह का गठन करवाते हैं फिर उसी समूह के माध्यम से उन्हें कर्ज देते हैं और बाद में उसने चक्रवर्ती ब्याज दर से ज्यादा ब्याज लगा कर उसने पैसा एठते हैं।

किसी कारण वस अगर किसी व्यक्ति द्वारा निर्धारित समय पर कर्ज ली गई राशि को नहीं चुका पाता है तो उसे प्रताड़ित करते। इसी प्रताड़ना से तंग आकर ममदर निवासी राम नरेश विश्वकर्मा ने फांसी लगाकर जान दे दी है।

# जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**विजेता बच्चे करेंगे सैर सपाटा, जानेगे एमपी के पर्यटन स्थल**

**सीधी।** म.प्र. पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पर्यटन क्विज 2024 का आयोजन स्थानीय टाटा कालेज में किया गया। जिले के 184 शासकीय एवं निजी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों ने प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये आनलाईन पंजीयन किया था जिसमें 152 विद्यालयों के 456 विद्यार्थी लिखित परीक्षा में शामिल हुये। लिखित परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 6 स्कूलों के 18 विद्यार्थी द्वारा मल्टीमीडिया क्विज राउन्ड में सहभागिता की गई। क्विज मास्टर नेहा सिंह उच्च माध्यमिक शिक्षक, शा.उ.मा.वि. चौफाल के संचालन में मल्टीमीडिया के 10 राउन्ड जिसमें झटपट बोल, सोच समझकर बोल, देख परख कर बोल, तोल मोलकर बोल, एम पी में रोमांच, बोलो बोलो मैं हूं कौन, दे-दनादन, झूम उठे दिल हिंदुस्तान का, जो बोला वही धुरंधर, एमपी में सिनेमा आयोजित किया गया। जिसमें तीन विजेता टीम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धुम्मा, काशी उ.मा.वि.अमिलिया, सी एम राइज स्कूल सिहावल एवं तीन उपविजेता शासकीय उ.मा.वि. टिकरी, विंध्या एकेडमी चुरहट, डी के एस मेमोरियल स्कूल घोघरा टीमों का चयन किया गया।

सीईओ जिला पंचायत श्री धोटे ने किया बच्चों को पुरष्कृत




मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे द्वारा विजेता एवं उप विजेता टीम को मेडल, प्रमाण पत्र तथा प्रथम तीन विजेता टीमों को तीन दिन दो रात एवं उपविजेता तीन टीमों को दो दिन एक रात के लिए म.प्र. के किसी भी पर्यटन स्थल का भ्रमण के लिये कूपन देकर पुरस्कृत किया गया। जिसमें आवास, भोजन एवं परिवहन की व्यवस्था पर्यटन विभाग द्वारा की जाती है।

नोडल अधिकारी डॉ. सुजीत कुमार मिश्र द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में तथा सीईओ जिला पंचायत राहुल धोटे एवं डीईओ डॉ. पी एल मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। डीपीसी राजेश तिवारी, ए.डी.पी.सी. प्रवीण शुक्ला एवं परसिली रिसार्ट के मैनेजर आर.पी. द्विवेदी आयोजन में उपस्थित रहे।

टाटा कालेज के संचालक इंजी. आर.बी.सिंह के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। एल के शर्मा, विजय सिंह चौहान, कृष्ण गिरी, कृपासागर पाण्डेय, प्रकाश सिंह द्वारा परीक्षा संचालन एवं संजय कुमार सोनी, बालेन्दु शेखर दुबे, अंगिरा द्विवेदी बीआरसीसी, संजीव त्रिपाठी, विवेक पनिका, अनिल कुशवाहा, अजय मिश्रा, हेमांगद शुक्ला, अर्चना पांडे, लक्ष्मी वर्मा, विजय तिवारी, दिनकर तिवारी, सुभाष पटेल प्राचार्य, दिलीप पांडे, सूरज वर्मा का विशेष सहयोग रहा। इस आयोजन में 456 विद्यार्थी, 152 मार्गदर्शी शिक्षक, 32 वीक्षक एवं मूल्यांकन कर्ता सहित अभिभावक सम्मिलित हुए।

## संपादकीय

### क्लीन चिट नहीं

इस साल की नीट परीक्षाओं पर मंगलवार को आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला पहली नजर में राहत देने वाला है। फैसले ने इन परीक्षाओं को लेकर पिछले कुछ समय से बनी अनिश्चितताओं को दूर किया है। हालांकि इस प्रकरण से सामने आए कई बड़े सवालों के जवाब मिलने अभी बाकी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दो बातें पहले ही साफ कर दी थीं। एक तो यह कि परीक्षाएं दोबारा करवाने का फैसला आखिरी विकल्प होगा। दूसरी बात यह कि अगर उसे ऐसा लगा कि परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है तो वह इसे कैंसल करने से नहीं हिचकेगा। उसके फैसले में इन दोनों ही कारकों का प्रभाव दिखता है। सुनवाई के दौरान सामने आए तथ्यों ने स्पष्ट कर दिया कि परीक्षा में गड़बड़ी हुई है। लेकिन कोर्ट को इस बात में भी कोई संदेह नहीं कि जितने तथ्य सामने आए हैं उनके आधार पर इन गड़बड़ियां को व्यवस्थागत नाकामी का परिणाम नहीं कहा जा सकता। ऐसे में परीक्षा कैंसल कर मेडिकल कॉलजों का सत्र बाधित करना और इस प्रकार भविष्य में डॉक्टरों की उपलब्धता प्रभावित होने देना कोर्ट ने ठीक ही तर्कसंगत नहीं माना। एनटीए पर सवाल पर बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नीट या नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (एलटीए) के लिए क्लीन चिट नहीं माना जा सकता। बात सिर्फ पेपरलीक की नहीं है। चाहे ग्रेस मार्क्स देने और उसे कैंसल करने की बात हो या धीरे-धीरे सामने आती गड़बड़ियों पर एजेंसी के रुख की, इस पूरे मामले ने संदेह का ऐसा माहौल बनाया है जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। भूलना नहीं चाहिए कि मामला नीट तक सीमित नहीं है। एनटीए द्वारा संचालित अन्य परीक्षाओं में भी गड़बड़ी और बदइंतजामी की शिकायतें आती रही हैं। संसद में भी यह मसला उठाया गया है। साफ है कि इस पूरे मामले का सिर्फ एक पहलू ही सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा था। ऐसे में दो बातें खास तौर पर ध्यान देने लायक हैं। एक तो यह कि नीट पेपरलीक मामले की जांच अभी चल ही रही है। बहुत संभव है कि जांच के दौरान ऐसे नए साक्ष्य सामने आएं जिनसे मामले के कुछ और अनछुए पहलू उजागर हों। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जांच पूरी गंभीरता से आगे बढ़े और अपनी तार्किक परिणति तक पहुंचे।

**ऑनलाइन स्टडी के चलते बच्चें मोबाइल के अधिकांश इस तरह के ऐप्स से रुबरु होने लगे जो बालपन को कहीं ना कहीं सीधे सीधे प्रभावित करने लगा। एक और जहां चाहे-अनचाहे आनलाइन गेमों की बच्चों में लत लगी वहीं सोशियल मीडिया साइट्स भी बच्चों में लत के रुप में लगने के साथ ही बच्चों के दिलों दिमाग पर नकारात्मक प्रभाव ड़ालने में सफल रही है। देखा जाए तो खेल खेल में बच्चें ना चाहते हुए भी तनाव और एंजाइटी के दौर में प्रवेश कर गए हैं।**

# ऑनलाइन स्टडी के चलते घबराहट और तनाव के शिकार होते बच्चे

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

यदि अध्ययन कर्ताओं की मानें तो कोविड 19 अर्थात् कोरोना के बाद हालात तेजी से विकट हुए हैं। खासतौर से पैसों वालों व बुजुर्गों की बीमारी से बच्चें प्रभावित होने लगे हैं। बैचेनी, घबराहट, हाथों में कंपन, नींद ना आना, चिडचिडापन, तनावग्रस्त, कुंठा आदि लक्षण दिखने लगते हैं।

देखा जाए तो कोरोना के बाद से बच्चों में डिप्रेशन और एंजाइटी का रोग तेजी से बढ़ता जा रहा है। कोरोना की दहशत के हालात, लॉकडाउन, वर्क फ्राम होम और बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई के साइड इफेक्ट सामने आने लगे हैं। ऑनलाइन स्टडी के चलते बच्चें मोबाइल के अधिकांश इस तरह के ऐप्स से रुबरु होने लगे जो बालपन को कहीं ना कहीं सीधे सीधे प्रभावित करने लगा। एक और जहां चाहे-अनचाहे आनलाइन गेमों की बच्चों में लत लगी वहीं सोशियल मीडिया साइट्स भी बच्चों में लत के रुप में लगने के साथ ही बच्चों के दिलों दिमाग पर नकारात्मक प्रभाव ड़ालने में सफल रही है। देखा जाए तो खेल खेल में बच्चें ना चाहते हुए भी तनाव और एंजाइटी के दौर में प्रवेश कर गए हैं। बदलती जीवनशैली और सामाजिक आर्थिक सिनेरियों में सर्दी जुकाम की तरह एंजायटी यानी कि घबराहट और डिप्रेशन यानी कि अवसाद आज के बच्चों में आम होता जा रहा है। जानी मानी साइक्रेट्रिक मैगजीन जामा साइक्रेट्री में हालिया प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मनोवैज्ञानिकों ने अध्ययन के दौरान 11 से 15 साल के बच्चों के बीच अध्ययन किया और खासतौर से यह समझने की कोशिश की गई कि जिस तरह से सर्दी जुकाम संक्रामक बीमारी है और एक से दूसरे में फैल जाती है उसी तरह से एंजायटी या डिप्रेशन भी एक बच्चे से दूसरे बच्चे को प्रभावित कर सकता है क्या? अध्ययन में पाया गया कि घबराहट या एंजाइट प्रभावित बच्चें के लक्षण साथ वाले बच्चें में भी विकसित होने के देखे गए हैं। यह अध्ययन भी एक दो नहीं बल्कि सात लाख बच्चों में किया गया है। चिंता की बात यह है कि सर्दी जुकाम संक्रामक रहा है व संपर्क में आने वालों को गिरफ्त में लेने की प्रबल संभावनाएं रहती है, लगभग यही हालात एंजाइटी और डिप्रेशन को लेकर देखी जाने लगी है। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि फिनलैंड विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के अध्ययन में यह साफ हुआ है कि छह में से एक व्यक्ति बैचेनी यानी कि एंजायटी से प्रभावित रहने लगा है। कोरोना के बाद इस तरह के मरीजों की संख्या में 60 फीसदी तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है।




यदि अध्ययन कर्ताओं की मानें तो कोविड 19 अर्थात् कोरोना के बाद हालात तेजी से विकट हुए हैं। खासतौर से पैसों वालों व बुजुर्गों की बीमारी से बच्चें प्रभावित होने लगे हैं। बैचेनी, घबराहट, हाथों में कंपन, नींद ना आना, चिडचिडापन, तनावग्रस्त, कुंठा आदि लक्षण दिखने लगते हैं। इससे बच्चों में नकारात्मकता भी आती जा रही है। अधिक चिंता की बात यह है कि यह बीमारी बच्चों में संक्रामक रोग की तरह फैलती जा रही है। कोराना के लॉकडाउन के साथ ही पेरेंट्स की अंधी प्रतिस्पर्धा और अधिक से अधिक पाने की लालसा, बच्चों के बीच परस्पर सहयोग, समन्वय, मित्रता, सहभागिता के स्थान पर संवेदनहीनता और गलाकाट प्रतिस्पर्धा के परिणाम सामने आने लगे हैं। बच्चों में कुंठा तो आम होती जा रही है। रही सही कसर सोशियल मीडिया ने पूरी कर दी है। सोशियल मीडिया जो परस्पर संवाद का माध्यम बन सकता है वह तनाव का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। लाइक अनलाइक और कमेंट्स बालमन को नकारात्मक रुप से प्रभावित करता जा रहा है। ऑनलाइन अध्ययन के चलते बच्चों में मोबाइल का शोक लग गया है और उसका नकारात्मक असर वीडियो गेम्स के रुप में देखा जा सकता है जो बच्चों को गेम के चक्कर में डिप्रेशन में जाते हुए देखा जा सकता है। गेम्स बच्चों में तनाव का कारण बनते जा रहे हैं। ओटीटी प्लेटफार्म भी अपना असर दिखाता जा रहा है। रील्स का तो कहना ही क्या? लगता है बच्चों के बालमन को नकारात्मक रुप से प्रभावित करने वाले सभी कारक सामने आते जा रहे हैं। शिक्षण संस्था हो या परिवार खासतौर से एकल परिवार के हालात हालात और भी गंभीर करते जा रहे हैं। हालात यहां तक होते जा रहे हैं कि बच्चें आक्रामक होते जा रहे हैं। बात बात पर झगड़ना या इस तरह का रिएक्शन की सामने वाला कोई भी हो लिहाज तो कहीं देखने को ही नहीं दिखता। मानों बालपन तो कहीं दिखाई नहीं देने लगा है। समाज विज्ञानियों के सामने यह गंभीर समस्या दस्तक दे रही है। हालात बद से बदतर हो उससे पहले ही समस्या की गंभीरता को समझना होगा। दादा-दादी और नाना-नानी कहीं पीछे छूट रहे हैं, पेरेंट्स अवकाश भी परिवार के साथ बिताने के स्थान पर कहीं घूमने जाना पसंद करने लगे हैं जिससे परिवार और परिवार से मिलने वाले संस्कार खोते जा रहे हैं। एकल परिवार और एक ही बच्चें के कारण कई पारिवारीक संबंध तो इतिहास की बात बन जाएं तो कोई असंभाव्यता नहीं होगी। हालात दिन प्रतिदिन बदतर होते जा रहे हैं और इसके परिणाम आए दिन सामने आते जा रहे हैं। अत्यधिक तनाव के कारण बच्चों को आत्महत्या जैसे कदम उठाते देखा जा रहा है। वहीं बदले की भावना, बात बात में गुस्सैल होना, तुनक मिजाजी आदि तो बस पूछो ही मत। अत्यधिक महत्वाकांक्षा भी तनाव का कारण बनती जा रही है। फिर दूसरे के बच्चों की उन्नति से अपने बच्चें को प्रेरित करने के स्थान पर इस तरह का रिएक्शन देना कि बच्चा प्रोत्साहित होने के स्थान पर निरुत्साहित होने लगे हैं। ऐसे में समाज विज्ञानियों और मनोविज्ञानियों के सामने अधिक चुनौती पूर्ण समय आ गया है। समय रहते इसका समाधान खोजना ही होगा नहीं तो दुनिया के देशों में जिस तरह से बच्चों को छोटी उम्र में ही हिंसक होते देखा जा रहा है उसमें कमी होने के स्थान पर गंभीरता पूर्वक हालात बदतर ही होंगे। इसका समाधान खोजना होगा नहीं तो आने वाली पीढ़ी किसी भी हालत में हमें माफ नहीं करेगी।

दरअसल यह समस्या इसलिए और अधिक गंभीर हो जाती है कि संक्रामक रोग की तरह इसके असर देखे जा रहे हैं। कहते हैं ना कि संगत का असर पड़ता है तो यह सीधे सीधे साथ वाले बच्चों को प्रभावित करने लगा है। लाख प्रयासों के बावजूद बच्चों का बालसुलभ मन कहीं खोता जा रहा है। यह समाज के लिए बडी चुनौती है और इसका समाधान घर से ही खोजना होगा।


# बच्चों के केक पर बंदूकों और हिंसक छवियों का बोलबाला

(क्षमा शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार)

**खैर, यह बात कुछ नई-सी थी, क्योंकि जन्मदिन तो खुशी का मौका होता है, उसमें बंदूक, गोलियों या तोपों का क्या काम? हालांकि, यह बात भी है कि शादियों में हर्ष फायरिंग के नाम पर गोलीबारी की जाती है। कई बार इससे लोग मर जाते हैं या घायल हो जाते हैं। एक घटना में तो दूल्हा ही मर गया था। सोचा कि खुद ही जाकर क्यों न देखूं? कई दुकानों पर गई, तो शो केस के अंदर रखे कई केक ऐसे ही मिले। बंदूक और गोलियों के अलावा उन पर मुंह फाड़े किसी का शिकार करने को आतुर शेर, बड़े-बड़े दांतों वाले मगरमच्छ, भयानक डायनासोर और तमाम किस्म के तोपों वाले केक इनमें मौजूद थे।**

पिछले दिनों एक सज्जन ने बच्चों में बढ़ते हिंसक व्यवहार पर लिखा एक लेख पढ़कर मुझे ई-मेल किया। उन्होंने लिखा कि इन दिनों बर्थडे केक पर भी बंदूकों, गोलियों और तमाम हिंसक कार्टून चरित्रों की तस्वीरें बनाई जाती हैं। उन्होंने एक दुकानदार से इसके बारे में अपना विरोध भी दर्ज कराया कि मासूम बच्चों को आप लोग यह क्या सिखा रहे हैं? उस दुकानदार ने अपनी गलती मानी और कहा कि वह आगे से ऐसा नहीं करेगा। निस्संदेह, वह दुकानदार शरीफ आदमी रहा होगा, वरना आजकल लोग अपनी गलती कहां मानते हैं? वे तो अपनी हर गलती का ऊंचे स्वरों में बचाव करते हैं। वह दुकानदार भी यह कह सकता था कि आप अपने काम से काम रखें, मेरे ग्राहकों को जो पसंद आएगा, मैं तो वही करूंगा।

खैर, यह बात कुछ नई-सी थी, क्योंकि जन्मदिन तो खुशी का मौका होता है, उसमें बंदूक, गोलियों या तोपों का क्या काम? हालांकि, यह बात भी है कि शादियों में हर्ष फायरिंग के नाम पर गोलीबारी की जाती है। कई बार इससे लोग मर जाते हैं या घायल हो जाते हैं। एक घटना में तो दूल्हा ही मर गया था। सोचा कि खुद ही जाकर क्यों न देखूं? कई दुकानों पर गई, तो शो केस के अंदर रखे कईं केक ऐसे ही मिले। बंदूक और गोलियों के अलावा उन पर मुंह फाड़े किसी का शिकार करने को आतुर शेर, बड़े-बड़े दांतों वाले मगरमच्छ, भयानक डायनासोर और तमाम किस्म के तोपों वाले केक इनमें मौजूद थे। अजीब भी लगा। यह भी सोचा कि ऐसे केक की कितनी मांग है कि वे इतनी बड़ी संख्या में दिखाई दे रहे हैं? जाहिर है, माता-पिता से बच्चों ने ही जिद की होगी कि केक पर क्या बना होना चाहिए और माता-पिता ने दुकानदारों को वही ऑर्डर किया होगा। इसलिए इसमें बच्चों का भी क्या दोष? हालांकि, बंदूक, गोली चलाते टैंक, बंदूक के आकार की पिचकारी आदि अरसे से बच्चों में लोकप्रिय हैं। बहुत सारे ऑनलाइन खेलों में भी ऐसा ही है। यह हाल सिर्फ भारत में नहीं, विदेश में भी है।




एक बार फ्रांस की राजधानी पेरिस के एक बड़े मॉल में खिलौनों की दुकान में गई थी। वहां पर अधिकांश खिलौने ऐसे ही थे, लेकिन खिलौनों से बढ़कर ये हिंसक चीजें अब खाने-पीने की वस्तुओं तक आ पहुंची हैं, यह बेहद चिंताजनक है। इन दिनों अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों का जन्मदिन मनाते हैं। इनमें बच्चे के तमाम दोस्त और सहपाठी आते हैं। अब किसी केक पर बंदूक बना है, तो जाहिर है कि हर बच्चे का ध्यान उस तरफ जाएगा। मान लीजिए, तीस बच्चों ने ऐसा केक देखा, तो हो सकता है कि वे भी अपने जन्मदिन पर ऐसे ही केक को पसंद करें और ऐसी मांग बढ़ती ही जाए। विशेषज्ञ कहते हैं, अगर बच्चे ज्यादा हिंसक दृश्य देखते हैं, तो वे इसे भी जीवन की जरूरी चीज मान लेते हैं। चिंता की बात यह है कि बच्चों में बढ़ती हिंसा पर रोक के उपाय अक्सर ही नहीं किए जाते हैं।

कुछ ही दिनों पहले की अमेरिका की एक घटना है। वहां पांच साल के बच्चे की अपने छोटे भाई से लड़ाई हो गई। पांच साल का बच्चा रसोई में गया, वहां से चाकू उठाकर लाया और अपने छोटे भाई को मार दिया। आखिर इतने छोटे बच्चे को यह कैसे पता चला कि चाकू मारकर वह अपने छोटे भाई से लड़ाई का बदला ले सकता है? जरूर उसने ऐसा कहीं देखा होगा और उसने उसकी नकल की होगी। वैसे भी, यह कहा ही जाता है कि पश्चिम के कुछ देशों में छोटे-छोटे बच्चे अपने बस्ते में हथियार लेकर जाते हैं और जरा-सी बात पर गोली चला देते हैं।

जब हिंसा समाज में चौतरफा बढ़ रही हो, तब जरूरत इस बात की है कि बचपन से ही बच्चों को हिंसा से दूर रहना सिखाया जाए। न तो ऐसे खेल-खिलौने उन्हें दिए जाएं, और न ही खाने-पीने की चीजों पर किसी तरह की हिंसा का चित्रण हो। सरकारों का ध्यान इन बातों पर क्यों नहीं जाता है? यह काम सिर्फ स्वयंसेवी संस्थाओं के भरोसे ही क्यों छोड़ दिया गया है कि वे माता-पिता और अभिभावकों को इस बारे में शिक्षित करें या मीडिया में इसके खतरे बताएं। माता-पिता भी इस बात पर ध्यान दें कि यदि बच्चे छुटपन से बंदूकों से खेलेंगे, उन्हें देखकर अपना जन्मदिन मनाएंगे, तो हो सकता हैकि उनका सबसे पहला प्रयोग वे अपने आसपास ही करें, जैसा उस पांच साल के अमेरिकी बच्चे ने किया। (ये लेखिका के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5444

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | 7 | | ■ | 8 | |
| 9 | 10 | ■ | 11 | | | ■ | |
| 12 | | 13 | ■ | | ■ | 14 | |
| | ■ | 15 | 16 | | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | 17 | | ■ | 18 | | 19 |
| 20 | ■ | | ■ | 21 | | | |
| 22 | | | ■ | ■ | 23 | | ■ |

संकेत: बाएं से दाएं
1. 1893 को अमेरिका में यहां विश्व धर्म सम्मेलन मै स्वामी विवेकानंद ने कट्टरता, सहिष्णुता और सभी धर्मो मे निहित सच्चाई पर ऐतिहासिक भाषण दिया था (3)
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में एक द्वीप समूह जिसकी राजधानी माले है (4)
6. यह वृक्ष सबसे अधिक आक्सीजन देता है (3)
8. वह प्राणी जो पुरूष जाति का हो (2)
9. लगातार चलते रहने का क्रम (2)
11. भेजा गया, प्रस्थित (3)
12. एक प्रसिद्ध वाद्य जो शंकर भगवान को प्रिय था (3)
14. मुझे (मराठी )(2)
15. पालने वाला (3)
17. ग्राम, खेड़ा, छोटी बस्ती (2)
18. गुजरात के एक प्रधान नगरी जो हिंदू धर्म मानने वालों के चार धामों में से एक है (3)
21. काजल, अंजन (4)
22. क्रिकेट मे गेंदबाजी की एक तकनीक (3)
23. पराग के कण, गर्द, धूल (2)

संकेत: ऊपर से नीचे
१. शिव का प्रलय नाच (5)
2. ग्वालिन, गोपिका, छिपने वाला (2)
3. माल ढोने वाला, माल ले जाने वाला (5)
4. दयनीय अवस्था, गरीब, दरिद्र (2)
5. वह माला जो वधू द्वारा वर को गले में पहनाई जाए (4)
7. पंख, किंतु, लेकिन, डैना (2)
10. मनोविकार, दोष, परेशान, व्याकुल (2)
13. टीवी धारावाहिक महाभारत मे द्रोपदी की भूमिका निभाने वाली लोकप्रिय कलाकार (5)
14. अहिरावण का एक द्वारपाल जो पुराणानुसार हनुमान का पुत्र माना गया है (5)
16. प्रेम, प्यार, इश्क, मुहब्बत (अंग्रेजी) (2)
18. इसे वैश्य युग कहा गया है (3)
19. कार्य, काम, बटन का घर (2)
20. वातग्रस्त से व्यक्ति, लंगड़ा, शक्तिहीन (2)

### वर्ग पहेली 5443 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गो | विं | द | व | ल्ल | भ | पं | त |
| द | ■ | वा | र | ■ | ला | ग | त |
| सू | ना | ■ | द | म | ■ | त | ■ |
| नी | म | ■ | क्षि | ति | ज | ■ | जा |
| र | ■ | गु | णा | ■ | ल | कु | ट |
| ह | ला | ल | ■ | आ | दे | श | ■ |
| ज़ा | ■ | ज़ा | वा | ■ | व | ■ | लौ |
| ना | ह | र | ■ | सु | ता | र | ■ |

# अन्नदाताओं के हितों की रखवाली ही मुख्य चिंता

(सुभाष पालेकर, कृषि विशेषज्ञ)

चुनाव बाद के पहले बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कृषि क्षेत्र में कई उत्साहवर्धक घोषणाएं की हैं, जिनका स्वागत किया जाना चाहिए। मगर जब वित्त मंत्री एक करोड़ किसानों तक प्राकृतिक खेती की तकनीक को पहुंचाने की घोषणा करती हैं, तब एक महत्वपूर्ण सवाल पैदा होता है कि आखिर कौन सी प्राकृतिक खेती? वास्तविकता यह है कि प्राकृतिक खेती नाम की कोई कृषि तकनीक पूरी दुनिया में नहीं है। यह एक भ्रामक नामकरण है। दरअसल, जिस कृषि पद्धति को सरकार प्राकृतिक खेती कहती है, उसका नाम प्राकृतिक खेती नहीं है, क्योंकि इसमें बीजामृत, जीवामृत, घन जीवामृत, वाप्सा, आच्छादन और अंतरवर्ती कृषि पद्धति शामिल हैं, जिनकी खोज इस लेखक ने की है और इसको पालेकर कृषि के नाम से जाना जाता है।

प्राकृतिक का सीधा सा अर्थ होता है- प्रकृति में जो अस्तित्व में है, लेकिन पालेकर कृषि तकनीक समेत दुनिया में जितनी भी कृषि तकनीकें उपलब्ध हैं, उन सभी में भूमि की जोताई की जाती है। इनमें बीज बुआई एवं रोपाई, निराई-गुड़ाई, सिंचाई, छिड़काव और फसल कटाई जैसे उपक्रम होते हैं। प्राकृतिक कृषि में इनमें से कोई भी कृषि कार्य नहीं होता। इसलिए सैद्धांतिक रूप से इसको प्राकृतिक कृषि कहना उचित नहीं है। सरकार यदि देश के एक करोड़ किसानों तक पहुंचने का संकल्प ले रही है, तो यह सचमुच सराहनीय है, मगर पारंपरिक वेतनभोगी नौकरशाही और देशी-विदेशी वित्तीय मदद पर निर्भर गैर-सरकारी संगठनों के जरिये इस संकल्प का पूरा होना असंभव है। सरकार को इस संकल्प को साकार करने के लिए रचनात्मक जन-आंदोलन का सहयोग लेना चाहिए।

इस साल के बजट में कृषि एवं इससे जुड़े क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। यह धनराशि कम नहीं है, पर इस बजटीय प्रावधान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि किसानों की स्थिति इससे कितनी सुधरती है। ऐसी अनेक योजनाएं हैं, जिनमें अंतिम लाभार्थी यानी किसानों तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त पैसे की आवश्यकता नहीं होगी। लेकिन इसके लिए सरकार को कृषि क्षेत्र में जमीनी स्तर पर सक्रिय विशेषज्ञों से निरंतर संवाद कायम करना होगा।

वित्त मंत्री ने ग्रामीण विकास के मद में जितना वित्तीय प्रावधान किया है, उससे पांच गुना ज्यादा आवंटन शहरी विकास के लिए किया गया है। मेरी राय में इसे उल्टा होना चाहिए था। आत्मनिर्भर भारत का सीधा अर्थ है देश के साढ़े छह लाख से अधिक गांवों का आत्मनिर्भर होना। ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मिति होती है, शहरों में नहीं; शहरी इलाकों में वस्तु-रूपांतरण होता है और वस्तु व पैसे का परस्पर आदान-प्रदान होता है। इसलिए शहरी विकास का मतलब भारत की आत्मनिर्भरता कभी नहीं हो सकता। कृषि उपज आपूर्ति प्रक्रिया को इस बजट में प्रधानता दी गई है, जिसकी सराहना की जाएगी। लेकिन जहां अनाज पैदा होता है या कोई भी फसल उगाई जाती है, यदि वहीं पर, यानी गांवों में खरीद प्रक्रिया होगी, तभी किसान लूट से बचाए जा सकेंगे। बजट से परे भी सरकार को कृषि परिदृश्य को बदलने के लिए प्रयास करने होंगे। जलवायु परिवर्तन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के रूप में दो पर्यावरण विरोधी परिघटनाएं तेजी से आकार ले रही हैं, जो किसानों को बुरी तरह प्रभावित करेंगी। सरकार को इसका जवाब तलाशना चाहिए। इसी तरह, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत हर गांव में एक बड़ा तालाब खोदने का कार्य सरकारी खर्च पर और गांव वालों के श्रमदान से होना चाहिए।

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन भाग दौड़ से भरा रहेगा। आपको अपने बच्चों के काम से काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में साथियों का और घर मे अपने से छोटे सदस्यों का सहयोग मिलेगा। आपको दूसरे लोगों से उपहार का लाभ मिलेगा और आपको ऑफिस में लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा।

### वृषभ
आज दिन आर्थिक मामलों में मिलाजुला रहेगा और आप अपने सहयोगियों की मदद से हर कार्य को पूर्ण कर लेंगे। आपको एसएमएस के जरिए कोई महत्वपूर्ण खबर मिलेगी। जायदाद के मामले में कोई डॉक्यूमेन्ट साइन करने से पहले उसको अच्छे से जांच लें। वरना आपको नुकसान हो सकता है।

### तुला
आज सोसाइटी में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। इसके लिए कोई आयोजन हो सकता है। आपके प्रेमी को किसी बात से समझौता करना पड़ सकता है लेकिन कुछ फायदों को देखते हुए इसमें कोई नुकसान भी नहीं है। विरोधियों का सिर नीचा करने में आपको कामयाबी मिलेगी।

### वृश्चिक
आज आप सोशल वर्क के जरिए कुछ उद्देश्य हासिल करेंगे। ऑफिस का माहौल काम के लिए बिल्कुल ठीक रहेगा। आपको अपने करियर के मामले में भी जीवनसाथी से सपॉर्ट मिलता रहेगा। जूनियर्स से कहासुनी हो सकती है। बेहतर होगा कि ऑफिस की चीजों को घर पर न लाएं और परिवार के किसी सदस्य पर अपना गुस्सा न निकालें।

### मिथुन
आज करियर के मामले में दिन लाभ से भरा होगा। आज आपको कुछ दिनों पहले खोई हुई कोई खास चीज मिल सकती है। किसी को बहुत पहले दिया गया उधार आज वापस मिल जाएगा। ऐसा होने पर आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। दिन भर आपको कई सरप्राईज मिलते रहेंगे।

### कर्क
आज आपका दिन कई रंग बदलेगा। आपको नए काम में कुछ रुकावट आ सकती है। इसलिए कोई नया काम करने से पहले एक बार सोच लें। दिन बीतने के साथ साथ काम बनते नजर आएंगे। घर के छोटे सदस्यों के करियर की चिंता खत्म होगी। रूटीन के कामों में कुछ तब्दीली आएगी।

### धनु
आज उम्मीद है और आपका कोई रुका कार्य पूर्ण होगा। ऑफिस के वर्तमान माहौल में आपके लिए मन लगाना कुछ मुश्किल हो सकता है। माहौल को जिंदादिल बनाने की आपकी कोशिश कामयाब हो सकती है बशर्ते आपके सहयोगी सपॉर्ट करें। बेहतर होगा कि आप फालतू बात पर ध्यान न दें और अपने काम पर फोकस करें।

### मकर
आज कारोबार के मामले में मिलाजुला रहेगा। दिन आपके लिए इम्तहान जैसा है। मेहनत से जो कुछ भी करेंगे वह काफी अच्छा रिजल्ट लेकर आएगा। पार्टनर के साथ घूमने फिरने का मौका मिलेगा और इससे आपकी खुशी दोगुनी हो जाएगी। पिछले दिनों हुए नुकसान की भरपाई होने की उम्मीद है।

### सिंह
आज आपके प्रॉपर्टी के मामले हल हो सकते हैं। कमाई में बढ़ोत्तरी होगी लेकिन साथ ही खर्च के बहाने भी मिल जाएंगे। लेखक और पत्रकार जैसे लोग लोगों के लिए सफलता और प्रसिद्धि पाने के योग बने हैं। आपका पॉजिटिव मूड खराब से खराब माहौल में भी ताजगी भर देगा।

### कन्या
आज दिन चुस्ती से भरा होगा। आपके सहयोगी कुछ रिलैक्स मूड में रहेंगे और पहले से ज्यादा काम करने की इच्छा जताएंगे। आपको उनसे हर प्रकार का सहयोग मिलेगा। बदलाव के तौर पर आप अपने अन्दर छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने की कोशिश करेंगे और कामयाब भी होंगे।

### कुंभ
आज लाभ होगा और करियर में दिन सफलता से भरा रहेगा। दिन की शुरुआत थोड़ा बेचैनी भरी होगी और बाद में सब कुछ सही हो जाएगा। जो काम आप करेंगे वह इसी बेचैनी की वजह से गड़बड़ा सकता है। इसलिए धैर्य से काम लेने की सलाह है। आपने एक ही दिन में ढेर सारे लटके हुए काम निपटा लिए हैं। थोड़ा घूमना फिरना पड़ सकता है।

### मीन
आज दिन काफी मिलाजुला रहेगा। किसी सौदे या लेन देन के दौरान टेंशन न लें। बढ़ते खर्च को काबू में करना काफी कठिन लगेगा लेकिन थोड़ी सी इच्छाशक्ति से सब कुछ संभव है। दोस्तों के सपॉर्ट से किसी बड़े प्रॉजेक्ट को फाइनल कर सकेंगे। आपको उपहार और सम्मान के मामले में लाभ होगा और आपकी रुकी योजनाएं पूर्ण होंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### तिहाड़ जेल में कब रुकेगी गैंगवार? कैदी ने भाई के हत्यारों पर चाकू से किए ताबड़तोड़ वार, एक अस्पताल में भर्ती




**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में एक बार फिर गैंगवार की घटना सामने आई है। भाई के हत्यारों पर एक कैदी ने दोस्तों के साथ चाकू से हमला कर दिया। घटना के समय पीड़ित फोन पर बात कर रहे थे बात। जेल के फोन रूम में घटना को अंजाम दिया गया। शुक्रवार देर शाम एक कैदी हॉस्पिटल से वापिस जेल लाया गया जबकि दूसरा अभी भी हॉस्पिटल में भर्ती है। दरअसल, लवली और लवीश ने साल 2020 में विनय नाम के शख्स की हत्या की थी। ये लोग इसी मामले में तिहाड़ में बंद थे। बाद में एक मामले में विनय का भाई लोकेश भी तिहाड़ जेल में बंद हो गया। यहां उसने भाई की मौत का बदला लेने की ठानी। उसने अपने साथियों हिमांशु और अभिषेक को योजना में शामिल किया। मौका देखकर तीनों ने लवली और लवीश पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। उस समय दोनों फोन पर बात कर रहे थे। घटना को लेकर दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया, हमें सूचना मिली कि दो कैदी लवली, 22 वर्ष और लवेश, 22 वर्ष (दोनों हत्या के मामले में बंद हैं) घायल अवस्था में तिहाड़ जेल की सेंट्रल जेल नंबर 9 से डीडीयू अस्पताल में भर्ती हुए हैं। वहां पहुंचने पर पता चला कि तिहाड़ के सीजे-9 के वार्ड नंबर 11 के पास लोकेश, नितिन, हिमांशु और अभिषेक के साथ हाथापाई के बाद दोनों को कई धारदार चोटें आई हैं। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

### प्रेग्नेंसी कोई बीमारी है क्या? दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और आरपीएफ को लगाई फटकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में एक मामले की सुनवाई करते हुए रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा है कि गर्भावस्था कोई बीमारी या विकलांगता नहीं है और यह महिलाओं को सार्वजनिक रोजगार देने से इनकार करने का आधार नहीं हो सकता। दरअसल कोर्ट उस मामले की सुनवाई कर रही थी जिसमें आरपीएफ ने गर्भवती महिला के कॉन्सटेबल पद के लिए फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट को स्थगित करने के उसके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। जस्टिस रेखा पल्ली और शलिंदर कौर की पीठ ने आरपीएफ और केंद्र सरकार द्वारा महिला के साथ किए गए व्यवहार पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा, ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार और आरपीएफ ने र्भावस्था को ऐसे माना है जैसे कि यह एक बीमारी या विकलांगता है जिसके कारण महिलाओं को चयन प्रक्रिया से बाहर किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा, हमारे विचार में, महिलाओं को सार्वजनिक रोजगार के अवसरों से वंचित करने का आधार मातृत्व कभी नहीं होना चाहिए और न ही हो सकता है। कोर्ट ने कहा, याचिकाकर्ता महिला ने पहले ही सूचित किया था कि वह गर्भवती है और पीईटी के तहत हाई जंप, लॉन्ग जंप और रनिंग जैसे टेस्ट नहीं दे सकती। ऐसे में आपीएफ पीईटी टेस्ट कुछ दिनों के लिए स्थगित कर सकती थी। कोर्ट ने आरपीएफ को 6 हफ्तों के अंदर महिला का टेस्ट कराने और डॉक्यूमेंट वेरिफाई करने का निर्देश दिया। इसी के साथ यह भी कहा कि अगर महिला क्राइटेरिया पूरी करती है तो उसकी कॉन्सटेबल पद पर सीनियरटी के मुताबिक नियुक्ति की जाए। यह फैसला याचिका दाखिल करने के पांच साल बाद आया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, सभी अधिकारियों, खास तौर से सार्वजनिक रोजगार से जुड़े अधिकारियों को यह महसूस करना चाहिए कि उन महिलाओं का समर्थन करना जरूरी है जो राष्ट के लिए योगदान करना चाहकी हैं और यह सुनिश्चित करें कि गर्भावस्था या अन्य कारणों से उन्हें उनके अधिकारों से वंचित नहीं किया जाए।

### मैं हूं ना; जेल में बंद अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने संभाल लिया एक और मोर्चा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मैं हूं ना...; कुछ इसी भाव के साथ सुनीता केजरीवाल एक के बाद एक मोर्चा संभाल रही हैं और पार्टी में पति अरविंद केजरीवाल की कमी को पूरा करने के लिए भरसक कोशिश कर रही हैं। कथित शराब घोटाले से जुड़े केस में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता अब एक और जिम्मेदारी अपने हाथ में ले चुकी हैं। आम आदमी पार्टी के राष्टीय संयोजक की गैरमौजूदगी में सुनीता हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रचार का जिम्मा संभालने जा रही हैं। वह अपने ससुराल में पार्टी का प्रमुख चेहरा होंगी। सीएम अरविंद केजरीवाल की अनुपस्थिति में आप ने उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को अपना स्टार प्रचारक बनाया है। आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने वहां चुनाव प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। उसी कड़ी में सुनीता केजरीवाल 27 जुलाई से दो दिन के हरियाणा दौरे पर रहेंगी। वहां अलग-अलग जगहों पर चुनावी सभा करेंगी। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल मूल रूप से हरियाणा के हैं। ऐसे में सुनीता खुद को हरियाणा की बहू बताते हुए जेल में बंद पति के हक में वोटिंग की भावुक अपील करती दिखेंगी। यह पहला मौका नहीं है जबकि सुनीता केजरीवाल आम आदमी पार्टी के लिए चुनाव प्रचार की अहम हिस्सा रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान जब अरविंद केजरीवाल को जमानत नहीं मिल रही थी तो उन्होंने अरविंद केजरीवाल की जगह रोड शो करके पार्टी के लिए वोट मांगा था।

# काम किए बिना ही पैसे दिए, पीडब्ल्यूडी में कैसे हुआ 200 करोड़ का घोटाला; पूर्व एडीजी सहित तीन गिरफ्तार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने कोरोना काल में लोक निर्माण विभाग में हुए दो सौ करोड़ रुपये के घोटाले की जांच के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो कारोबारी और एक लोक निर्माण विभाग के पूर्व एडीजी शामिल हैं। पूर्व एडीजी अनिल कुमार आहूजा पर इन कारोबारियों अक्षितिज बिरमानी और विनय कुमार की कंपनियों को पहले नियमों को ताख पर रखकर टेंडर जारी करने और फिर बिना काम या अधूरे काम के एवज में फर्जी बिलों को पास करने का आरोप है।

एसीबी की जांच में यह घोटाला करीब दो सौ करोड़ का है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (एसीबी) मधुर वर्मा ने बताया कि एसीबी ने एक शिकायत के बाद पीडब्ल्यूडी और निजी कंपनियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसकी जांच में सामने आया कि पीडब्ल्यूडी ने एलएनजेपी, जीटीबी, बीएसए, जीबी पंत सहित दिल्ली के आठ अस्पतालों में काम के लिए टेंडर जारी किया था। इसके बाद कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए नियमों को ताख पर रखकर इनको टेंडर जारी किए गए। वहीं, जांच के दौरान इस संबंध में कोई भी बिल नहीं दिया गया। सेवानिवृत्त एडीजी के खाते में संदिग्ध लेनदेन एसीबी की जांच में सेवानिवृत्त एडीजी अनिल कुमार आहूजा और उनके परिवार के खातों में संदिग्ध लेने-देन मिले हैं। एसीबी के अधिकारी ने बताया कि अनिल कुमार आहूजा और एक प्राइवेट फर्म मैसर्स एवी एंटरप्राइज के बीच सवा करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ है। एवी एंटरप्राइज ने पांच दिसंबर 2020 को अनिल कुमार आहूजा की बेटी के अकाउंट में भी छह लाख रुपये ट्रांसफर किए थे। जांच में सामने आया है कि पूर्व एडीजी अनिल कुमार आहूजा ने अपने कार्यकाल में 10 कंपनियों को नियमों को ताख पर रखकर 56 टेंडर जारी किए थे।

**बगैर काम के बिल पास :** जांच में सामने आया कि कंपनियों ने कई जगहों पर काम किया ही नहीं था। जहां काम किया था वह भी पूरा नहीं हुआ था। इस काम के एवज में कंपनी की ओर से विभाग को बिल भेज दिए गए।

**विभाग की ओर से एक ही दिन में टेंडर दिए गए :** लोक निर्माण विभाग द्वारा टेंडर जारी करने के बाद एक ही दिन में इन निजी कंपनियों से काम करने के लिए कोटेशन मंगवाए गए। टेंडर की बोली लगाई गई और बोली में बिना अंतर देखे एक निर्धारित कंपनी को टेंडर दे दिया गया। यह सब काम विभाग की ओर से एक ही दिन में पूरा कर लिया गया। टेंडर देने में नियमों की अनेदखी की गई। यह काम एक दिन में पूरा नहीं किया जा सकता था।

**मामले की सीबीआई जांच जरूरी भाजपा :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कोविड काल के दौरान पीडब्लूडी अफसरों द्वारा अस्पतालों में दो सौ करोड का घोटाला सामने आया है। आप सरकार के कार्यकाल में लगातार घोटालों का कीर्तिमान बन रहा है। अब पीडब्लूडी घोटाला सामने आया है। इस मामले में सीबीआई जांच जरूरी है।

**सिर्फ आरोप लगे, जांच में कुछ नहीं मिलता आप :** दिल्ली सरकार पर लग रहे आरोपों पर पलटवार करते हुए आम आदमी पार्टी ने कहा कि दो वर्षों से केंद्र की सभी जांच एजेंसियां हर हफ्ते नई कहानी बनाकर भ्रष्टाचार का आरोप लगाती हैं। आरोप में करोड़ों रुपये की भ्रष्टाचार की बात हर बार कही जाती है, मगर अब तक एक भी मामले में किसी भी एजेंसी द्वारा एक पैसे की बरामदगी नहीं हुई।

## गुरुग्राम में बैठकर विदेशियों को चूना लगाने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़, अपनाते थे यह तरीका

**गुरुग्राम एजेंसी।** सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) ने गुरुग्राम में एक कॉलसेंटर पर कार्रवाई करते हुए 43 संदिग्ध साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि ये साइबर अपराधी विदेशी नागरिकों के कंप्यूटरों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने का वादा करके उनसे धोखाधड़ी करते थे और पैसा वसूलते थे। एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि सीबीआई ने गुरुग्राम की छस्स्त्र साइबर सिटी से संचालित 'इनोसेंट टेक्नोलॉजी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड' नामक एक कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसके कार्यालय पर छापा मारा। सीबीआई ने 'ऑपरेशन चक्र-तीन' के तहत यह कार्रवाई की है, जिसका लक्ष्य 2022 से विभिन्न देशों से संचालित ऑनलाइन वित्तीय अपराध नेटवर्क को तोड़ना है। सीबीआई ने दिल्ली, गुरुग्राम और नोएडा में 7 स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तलाशी ली। इस अभियान के दौरान साइबर अपराधों से जुड़े विशेषज्ञों वाला एक विशेष कार्यबल कॉलसेंटर पहुंचा, जहां उसे कई कर्मचारी 'लाइव' साइबर अपराध गतिविधियों में लगे हुए मिले। जिसके चलते टास्कफोर्स को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने योग्य सामग्री भी हाथ लग गई। इस बारे में शुक्रवार को एक बयान जारी करते हुए सीबीआई प्रवक्ता ने कहा, 'सीबीआई इस संबंध में सुराग और आगे की कार्रवाई के लिए इंटरपोल के माध्यम से एफबीआई एवं कई देशों की कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ सक्रियता से समन्वय कर रही है।' अधिकारियों ने बताया कि छापे के दौरान सीबीआई ने 130 कंप्यूटर हार्डडिस्क, 65 मोबाइल, पांच लैपटॉप, अभियोजन योग्य सामग्री, वित्तीय लेन-देन विवरण, कॉल रिकार्डिंग्स और पीड़ितों की जानकारियां, लोगों को शिकार बनाने के लिए बातचीत के लिप्यांतरण आदि जब्त किए। सीबीआई ने आरोपियों की ठगी करने का तरीका बताते हुए कहा कि, कॉल सेंटर के कर्मचारी साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ बनकर विदेश में रहने वाले लोगों को निशाना बनाते थे। वे संभावित पीड़ितों को किसी भी तरह पॉप-अप पर क्लिक करने के लिए तैयार कर लेते थे, जिससे उनके सिस्टम को नुकसान पहुंचाने वाले मैलिसियस (गड़बड़ी वाले) सॉफ्टवेयर डाउनलोड हो जाते थे और उनके कंप्यूटर बंद हो जाते थे।

## गाजियाबाद में एक साल से अपनी बेटी से दुष्कर्म कर रहा था पिता, अल्ट्रासाउंड से काली करतूत का खुलासा

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के सिहानी गेट थाना क्षेत्र में 14 साल की बेटी के साथ पिता द्वारा घिनौनी हरकत करने का मामला सामने आया है। हैवान पिता ने न सिर्फ अपनी बेटी को हवस का शिकार बनाया गया, बल्कि किसी से इसकी शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। पीड़िता के पेट में दर्द होने के बाद अल्ट्रासाउंड की जांच में उसके सात माह की गर्भवती होने की बात सामने आई तो मां द्वारा थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया कि 14 वर्षीय एक किशोरी द्वारा अपनी मां से पेट में दर्द की शिकायत की गई थी। मां द्वारा लड़की को हॉस्पिटल ले जाकर डॉक्टर से चेकअप कराने के बाद उसका अल्ट्रासाउंड कराया गया तो पता चला कि वह सात माह की गर्भवती है। इसके बाद मां बच्ची को लेकर थाने पहुंची और पुलिस को इसकी शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की और बच्ची से पूछताछ की गई। एसीपी ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में बच्ची ने किसी गोलू नाम के युवक द्वारा पार्क में दुष्कर्म किए जाने की बात कही थी, लेकिन वह पुलिस को घटनास्थल के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता सकी। बाद में पुलिस ने महिला दरोगा के जरिये बच्ची की काउंसलिंग कराई तो बच्ची ने हैरान कर देने वाला खुलासा किया।

# ऐडा की फिनटेक सिटी का खाका तैयार, निवेश के लिए अगले माह गुरुग्राम में जुटेंगे टॉप 500 कारोबारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यमुना प्राधिकरण ने फिनटेक सिटी को सेक्टर-11 में विकसित करने का खाका तैयार कर लिया है। प्राधिकरण के अधिकारी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए आगले माह गुरुग्राम में सम्मेलन करने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें वित्तीय कारोबार से जुड़ी टॉप 500 फॉर्च्यून कंपनी एवं संस्थाओं को आमंत्रित किया जाएगा। उत्तर भारत की पहली फिनटेक सिटी आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनेगी। इसे अब 250-250 एकड़ के तीन चरणों में कुल 750 एकड़ में विकसित करने की योजना तैयार की गई है। फिनटेक सिटी को लेकर गुरुग्राम में होने वाले सम्मेलन में निवेशकों निवेश के लिए आकर्षक ऑफर दिए जाएंगे, यहां निवेश करने पर सरकार की ओर से मिल रही सुविधा के बारे में भी बताया जाएगा। इसके लिए अक्टूबर में पहली भूखंड योजना निकालने की तैयारी चल रही है। गुरुग्राम में होने वाले सम्मेलन में अधिकारी इसको लेकर भी वित्तीय कारोबार से जुड़ी संस्थाओं को इसके बारे में जानकारी देंगे। यहां एयरपोर्ट, फिल्म सिटी के आने से निवेश को लेकर बढ़ी संभावनाओं के बारे में बताएंगे। वहीं, यहां निवेश करने वाली कंपनियों को अलग से लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं होगी। प्राधिकरण ने सुझाव दिया है कि फिनटेक में ब्लॉक चेन, पेमेंट, एक्सचेंज, रिसर्च, डिजिटल मनी, ऑनलाइन बैंकिंग निवेश और अन्य वित्तीय संस्था आएंगी। यह सभी अलग कंपनियां है, इसलिए इनके लिए



अलग एंकर यूनिट चयनित होनी चाहिए, ताकि कंपनी के कार्यों के हिसाब से माहौल तैयार हो सके। फिनटेक को विकसित करने के लिए सिंगापुर, दुबई और गुजरात की गिफ्ट सिटी का अध्ययन किया गया है। इसका 31 जुलाई तक लेआउट प्लान तैयार होना है। वित्तीय क्षेत्र की कंपनियां आएंगी फिनटेक के अंतर्गत वह कंपनियां आती हैं, जो प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर और इंटरनेट के उपयोग के माध्यम से ग्राहकों को बैंकिंग और बीमा जैसी वित्तीय सेवाएं प्रदान करती हैं। इस फिनटेक सिटी में ऑनलाइन बैंकिंग, निवेश, रिसर्च, क्राउड फंडिंग, डिजिटल मनी, स्टॉक एक्सचेंज, बीमा कंपनियां, शॉपिंग सेंटर, ई-पेमेंट गेटवे प्लेटफॉर्म जैसी निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। यहां निवेश करने वाली कंपनियों को नई औद्योगिक नीति का लाभ मिलेगा।

ये सुविधाएं मिलेंगी फिनटेक सिटी में ब्लॉक चेन, पेमेंट, एक्सचेंज, रिसर्च, डिजिटल मनी, ऑनलाइन बैंकिंग, निवेश और क्राउड फंडिंग जैसी गतिविधियां होंगी। यहां आने वाली कंपनियों को कई विशेष सुविधा भी मिलेंगी। इसमें एफडीआई नीति की सुविधाएं मिलेंगी। शतप्रतिशत निवेश वाली कंपनी को 75 प्रतिशत लैंड सब्सिडी मिलेगी। कंपनियों को आरएंडडी के लिए पांच साल तक पैसा मिलेगा। साथ ही कौशल विकास के लिए प्रति व्यक्ति 50 हजार रुपये प्रति वर्ष मिलेगा।

# दिल्ली में जैन मंदिर में हुआ हादसा, शिखर का हिस्सा टूटकर गिरने से युवक की मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के कैलाश नगर इलाके में शुक्रवार को दिगंबर जैन मंदिर के शिखर पर लगे संगमरमर पत्थर का हिस्सा टूटकर मंदिर के नीचे गली में गिर गया, जिसकी चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 20 वर्षीय कुणाल जैन के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, जैन मुनि के दर्शन के लिए शुक्रवार को गली में मंदिर के गेट पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी थी। इस दौरान मंदिर के शिखर का हिस्सा टूटकर गली में खड़े 20 वर्षीय कुणाल जैन पर गिर गया। इसके नीचे दबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इस संबंध में लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि मंदिर का यह हिस्सा अचानक कैसे टूट गया। इसके लिए पुलिस मंदिर के आसपास मौजूद सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही मंदिर पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। मृतक कुणाल अपने परिवार के साथ घोंडा स्थित जय



प्रकाश नगर में रहता था। परिवार में पिता सुधीर जैन, मां रीना और छोटी बहन सृष्टि है। सुधीर जैन का शर्ट का काम है और मंदिर से थोड़ी दूरी पर पीछे की ओर उनकी फैक्ट्री है। कुणाल अपने पिता के कारोबार में मदद करता था। शाहदरा जिला अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 10-20 बजे कैलाश नगर की गली नंबर दो में दिगंबर जैन मंदिर के सामने मुख्य मार्ग पर कई जैन भक्त मंदिर के बाहर मौजूद थे। इसी दौरान अचानक मंदिर के शिखर पर लगा संगमरमर का एक बड़ा पत्थर शिखर से अलग होकर गली में गिर गया। इस दौरान गली में खड़ा कुणाल उसकी चपेट में आ गया। कुणाल को तुरंत इलाज के लिए स्थानीय लोगों की मदद से गीता कॉलोनी स्थित गोयल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**दर्शन करने आया था :** स्थानीय लोगों ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग जैन मंदिर में शुक्रवार सुबह जैन मुनि के दर्शन के लिए आए थे। हादसे के वक्त लोग जैन मुनि के दर्शन के लिए उनके आने का इंतजार कर रहे थे। इसी के चलते कुणाल भी मंदिर के बाहर पहुंचा था, लेकिन यहां दर्शन से पहले ही वह हादसे का शिकार हो गया।

## वह तो देखने तक नहीं आया, अपने ही बेटे को गोद लेने सुप्रीम कोर्ट पहुंची महिला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक महिला अपने पहले पति से हुए बेटे को गोद लेना चाहती है। दोनों का तलाक हो चुका है और महिला ने दूसरी शादी कर ली है। बेटे को दूसरे पिता के साथ अपनाने के लिए उसने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। महिला ने याचिका में मांग की है कि पहले विवाह से जन्मे बेटे को उसके बायोलॉजिकल (जैविक) पिता की सहमति के बिना गोद लेना चाहती है, जोकि हिंदू एडॉप्शन एंड मेंटेनेंस एक्ट (एचएएमए) के तहत अनिवार्य है। याचिकाकर्ता दिव्या ज्योति सिंह की ओर से पेश वकील वंशजा शुक्ला ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ के सामने अपनी आपबीती सुनाई, जिसने पूर्व पति को नोटिस जारी किया। महिला ने आरोप लगाया कि सितंबर 2015 में जब वह प्रेग्नेंसी की आखिरी स्टेज में थी, तब पति ने उसे छोड़ दिया और उसके भाई की पत्नी के साथ भाग गया। महिला ने बताया कि पूर्व पति और उसके भाई की पत्नी उसके भाई की चार साल की बेटी के साथ रहने लगे। सिंह ने कहा कि अक्टूबर 2015 में उनके बेटे के जन्म के बाद वह व्यक्ति उनसे एक बार भी मिलने नहीं आया। दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस केस दायर करने के बाद, सितंबर 2016 में एक पारिवारिक अदालत ने आपसी सहमति से उन्हें तलाक दे दिया। 2018 में, उस व्यक्ति और सिंह की भाभी ने शादी कर



ली और उनका एक बच्चा भी हुआ है। शुक्ला ने बताया कि सिंह ने 2020 में दूसरी शादी की है। उन्होंने कहा, पुनर्विवाह का फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि वह बच्चे को सामान्य और स्वस्थ परवरिश देना चाहती थीं। सिंह ने एचएएमए की धारा 9(2) का पालन किए बिना सौतेले पिता के साथ अपने बेटे को गोद लेने की अदालत से अनुमति मांगी, जिसके तहत बच्चे को गोद देने के लिए बायोलॉजिकल पिता की सहमति लेना जरूरी है। याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने कहा, जब एचएएमए बायोलॉजिकल पिता की सहमति को जरूरी बनाता है, तो हम उसे बच्चे की कस्टडी छोड़ने के लिए कैसे मजबूर कर सकते हैं, जबकि मां को बच्चे की गार्जियनशिप सौंपी गई है। मामला चाहे कितना भी कठिन क्यों न हो, हम (पूर्ववर्ती पति को) नोटिस जारी करेंगे।

# एनसीआर में फिर गरजे बुलडोजर, गुरुग्राम से गाजियाबाद तक खूब हुई तोड़फोड़; 2 अवैध कॉलोनी और कई निर्माण ढहाए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनसीआर के शहरों में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का बुलडोजर एक्शन लगातार जारी है। शुक्रवार को भी गुरुग्राम से लेकर गाजियाबाद और नोएडा तक बुलडोजर एक बार फिर खूब गरजे। इस दौरान अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों को ढहा दिया गया। सरस्वती कुंज में 8 मकान सील और 3 पर बुलडोजर चलाया गुरुग्राम नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने शुक्रवार को गोल्फ कोर्स रोड स्थित सरस्वती कुंज कॉलोनी में सीलिंग और तोड़फोड़ अभियान चलाया। इस दौरान आठ मकानों को सील किया, जबकि तीन निर्माणाधीन मकानों को मलबे में तब्दील किया गया। इस दौरान किसी भी तरह के विरोध से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के डीटीपीई आरएस बाठ इस अभियान में ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद रहे। सरस्वती कुंज कॉलोनी पर विवाद है और यह मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में विचाराधीन है। हरियाणा सरकार ने इस कॉलोनी में किसी भी नए निर्माण पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बावजूद इस कॉलोनी में आठ मकान बनकर तैयार हो गए, जबकि तीन मकानों पर निर्माण कार्य चल रहा था। 15 दिन पहले नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के डीटीपीई मनीष यादव ने इन निर्माणाधीन मकान के मालिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर रिस्टोरेशन ऑर्डर जारी कर दिया। शुक्रवार सुबह डीटीपीई मनीष यादव के



नेतृत्व में तोड़फोड़ दस्ता बुलडोजर लेकर इस कॉलोनी में पहुंच गया।

**पुलिस बल नहीं मिलने से 3 मुख्य सड़कों पर तोड़फोड़ टली :** वहीं, गुरुग्राम में शुक्रवार को नए गुरुग्राम की तीन मुख्य सड़कों पर तोड़फोड़ की हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की योजना पुलिस बल नहीं मिलने की वजह से स्थगित हो गई। एचएसवीपी ने सेक्टर-89/90, 82/85, 85/86 की मुख्य सड़क पर अवैध निर्माण को तोड़ना था। इन निर्माण के कारण सड़क निर्माण में दिक्कत आ रही है। एचएसवीपी के उपमंडल अभियंता अजमेर सिंह ने बताया कि इस जमीन का अधिग्रहण एचएसवीपी की तरफ से किया जा चुका है। जमीन और निर्माण की एवज में मुआवजा राशि दी जा चुकी है।

**धार्मिक स्थल तोड़ने पर विरोध :** गुरुग्राम सेक्टर-22 में हरित क्षेत्र में बिना मंजूरी बनाए गए धार्मिक स्थल को तोड़ने गए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के तोड़फोड़ दस्ते को गांव मौलाहेड़ा के निवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा। मौके पर 60 से 70 ग्रामीण इकट्ठा हो गए। विरोध के बाद एचएसवीपी के तोड़फोड़ दस्ते ने इस धार्मिक स्थल को हटाने के लिए ग्रामीणों को 15 दिन की मोहलत दी। इस समयावधि में यदि धार्मिक स्थल को नहीं हटाया जाता है तो तोड़ने की चेतावनी दी। इस दौरान एचएसवीपी के डीटीपी नरेंद्र कुमार ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रूप में मौके पर मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

## उद्घाटन समारोह में दक्षिण कोरिया को उत्तर कोरिया बोल दिया

### आईओसी ने माफ़ी मांगी



**पेरिस, एजेंसी।** सीन नदी पर शुक्रवार को हुआ खूबसूरत उद्घाटन समारोह दक्षिण कोरियाई दल के प्रवेश के समय हुई एक गलती के कारण फीका पड़ गया। 143 सदस्यीय टीम को उनके आधिकारिक नाम डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया का उपयोग करते हुए उत्तर कोरिया के रूप में पेश किया गया था, जिसके साथ देश के बहुत खट्टे रिश्ते रहे हैं।

घटना के बाद, आईओसी के एक प्रवक्ता ने इस खेदजनक घटना के लिए पूरे दिल से माफ़ी मांगी। आईओसी के प्रवक्ता मार्क एडम्स ने संवाददाताओं से कहा, हमें गहरा अफसोस है और हम तहे दिल से माफी मांगते हैं। हमने कल रात एक बयान जारी किया है इसलिए हमने आईओसी से यह स्पष्ट कर दिया है कि एक परिचालन संबंधी गलती हुई है, हम केवल माफी मांग सकते हैं। एक शाम में इतनी सारी चीजें हो रही थीं कि गलती हो गई और हम उस गलती के लिए कोरिया गणराज्य के लोगों से माफी मांगते हैं।

एक्स पर आईओसी के बयान में कहा गया है, उद्घाटन समारोह के प्रसारण के दौरान दक्षिण कोरियाई टीम का परिचय देते समय हुई गलती के लिए हम गहराई से माफी मांगते हैं। दक्षिण कोरिया के खेल मंत्रालय ने एक बयान के माध्यम से 2024 पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह के दौरान घोषणा, जहां दक्षिण कोरियाई प्रतिनिधिमंडल को उत्तर कोरियाई टीम के रूप में पेश किया गया था पर अफसोस व्यक्त किया और इस मामले पर चर्चा करने के लिए खेल मंत्री जंग मि-रान, 2008 ओलंपिक भारोत्तोलन चैंपियन और आईओसी प्रमुख थॉमस बाक के बीच एक बैठक आयोजित करने के अपने इरादे की घोषणा की।

## ग्रेटर नोएडा में होगा अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट, पक्की हुई तारीख



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के अपने घरेलू मैदान पर सितंबर में न्यूजीलैंड के साथ अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगा। यह अफगानिस्तान का कुल 10वां तथा वर्ष 2024 में तीसरा टेस्ट मैच होगा। इसके अलावा यह ग्रेटर नोएडा में भी पहला टेस्ट मैच होगा। यह टेस्ट मैच 9 से 13 सितंबर के बीच होने की संभावना है।

इसके बाद केवल इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ही ऐसी टीमें बचेंगी, जिनके साथ अफगानिस्तान ने टेस्ट मैच नहीं खेला है। इसके लगभग एक महीने बाद 16 अक्तूबर से न्यूजीलैंड का भारत दौरा शुरू होगा, जहां मेहमान टीम को तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इन दोनों सीरीज के बीच में न्यूजीलैंड की टीम टेस्ट सीरीज खेलने श्रीलंका भी जाएगी। जिनकी तारीखों की घोषणा होनी अभी शेष है।

# पेरिस ओलंपिक का हुआ भव्य आगाज सिंधु-शरत ने की भारतीय दल की अगुवाई



**पेरिस, एजेंसी।** ओलंपिक 2024 का आगाज हो गया है। फ्रांस की राजधानी पेरिस में रंगारंग कार्यक्रम, संगीत, नृत्य और साहित्य के साथ फ्रांसीसी जुनून का नजारा पूरी दुनिया ने देखा। करीब चार घंटे चली सेरेमनी में पॉप स्टार लेडी गागा, आया नाकामुरा जैसे सुपर स्टार्स ने परफॉर्म किया। बारिश ने इन परफॉर्मेंस में चार-चांद लगाया। साथ ही ओलिंपिक मशाल लिए एक मिस्टीरियस मैन आकर्षण का केंद्र रहा। शुक्रवार शाम एक शानदार ओपनिंग सेरेमनी के साथ पेरिस ओलंपिक का भव्य आगाज हो चुका है। यह पहला मौका रहा, जब किसी स्टेडियम से बाहर ओपनिंग सेरेमनी हुई। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रीस के प्रतिनिधियों द्वारा नदी में नावों पर राष्ट्रों की परेड में लगभग 200 देशों के एथलीटों का नेतृत्व करने के साथ हुई। भारतीय दल 84वें नंबर पर आया। इसमें पीवी सिंधु और शरत कमल तिरंगा थामे नजर आए। सबसे अंत में मेजबान फ्रांस का दल आया। खिलाड़ी सीन नदी में नाव के सहारे परेड करते नजर आए। इसमें 200 से ज्यादा देशों के करीब 7,000 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। भारत के लिए पीवी सिंधु और शरत कमल ध्वजवाहक रहे। ओपनिंग सेरेमनी के साथ ही पेरिस ओलंपिक 2024 की आधिकारिक रूप से शुरुआत हो गई है। ओपनिंग सेरेमनी के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मौजूद रहे। पॉप स्टार लेडी गागा ने शानदार गाने की प्रस्तुति दी। परेड में भारतीय दल 84वें नंबर पर आया। इस दौरान लगभग 3 लाख दर्शक मौजूद रहे।

पेरिस ओलंपिक्स

## चीन ने जीता पेरिस ओलंपिक का पहला गोल्ड



**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस 2024 पेरिस ओलिंपिक का पहला गोल्ड मेडल चीन के खाते में गया है। 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट के गोल्ड मेडल मुकाबले में चीन ने साउथ कोरिया को 16-12 से हराया। हुआंग यूटिंग और शेंग लिहाओ ने यह गोल्ड मेडल जीता।

यूटिंग 19 साल के हैं तो शेंग की उम्र सिर्फ 17 साल है। क्वालिफिकेशन राउंड में भी चीन की जोड़ी टॉप पर थी। यह जोड़ी इस इवेंट की वर्ल्ड चैंपियन भी है। साउथ कोरिया के केउम जिहयोन और हाजुन पार्क को सिल्वर से संतोष करना पड़ा।

### यूटिंग का दूसरा ओलिंपिक मेडल

ओलिंपिक में यह हुआंग यूटिंग का दूसरा मेडल है। 16 साल की उम्र में उन्होंने पेरिस ओलिंपिक में 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया था। शेंग लिहाओ ने 17 साल की उम्र में अब लगभग सभी इवेंट में गोल्ड मेडल जीत लिए हैं। उनके नाम वर्ल्ड चैंपियनशिप में तीन गोल्ड हैं। इसके अलावा पिछले साल एशियन गेम्स में भी उन्होंने तीन गोल्ड मेडल जीते थे।

## रियो की चोट, टोक्यो की हार से सीखा, तो पेरिस ओलंपिक में गोल्ड पक्का, महावीर फोगाट को है विनेश पर भरोसा

**चरखी दादरी, एजेंसी।** भारत की रेसलर विनेश फोगाट 50 किग्रा भारवर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए पदक की एक बड़ी उम्मीद हैं। यह विनेश का



तीसरा ओलंपिक है, इससे पहले वह रियो और टोक्यो ओलंपिक में भाग ले चुकी हैं। विनेश फोगाट दंगल गर्ल्स गीता-बबीता फोगाट की चचेरी बहन हैं, और विनेश के ताऊ व द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर फोगाट को विनेश से इस बार गोल्ड की आस है। हरियाणा के चरखी दादरी के गांव बलाली निवासी विनेश ने अपने कुश्ती करियर में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। पेरिस ओलंपिक में विनेश 6 अगस्त को मैट पर उतरेंगी। द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर फोगाट ने कहा कि रियो ओलंपिक में विनेश फोगाट से गोल्ड मेडल की पूरी उम्मीद थी, लेकिन वह चोटिल हो गई, जिसका दुख पूरे देश को हुआ। टोक्यो ओलंपिक में भी वह देश की ख्वाहिश पूरी नहीं कर सकीं, जहां वह मानसिक तौर पर पिछली चोट के अनुभव से जूझ रही थीं। उन्होंने कहा, मेहनत के बूते विनेश ने वजन कम कर इस बार 50 किलोग्राम भारवर्ग में हिस्सा लिया है और वह गोल्ड मेडल जीतकर देश का दिल जीतेंगी।

पेरिस ओलंपिक्स

## बलराज पंवार हीट में चौथे स्थान पर रहे, रेपेचेज दौर में लेंगे हिस्सा

**पेरिस, एजेंसी।** बलराज ने सात मिनट 7.11 सेकेंड का समय लिया। वह न्यूजीलैंड के थॉमस मैकिनटोश (छह मिनट 55.92 सेकेंड), स्टीफानोस एनतोस्कोस



(सात मिनट 1.79 सेकेंड) और अब्देलखालेक एलबाना (सात मिनट 5.06 सेकेंड) से पीछे रहे। पेरिस ओलंपिक में स्पर्धा की शुरुआत शनिवार से हो गई है और इसमें भारत के एकमात्र रोइंग खिलाड़ी बलराज पुरुष एकल स्पर्धा की पहली हीट रेस में चौथे स्थान पर रहे और अब वह रेपेचेज में हिस्सा लेंगे। प्रत्येक हीट से शीर्ष तीन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रेपेचेज के जरिए बलराज को सेमीफाइनल या फाइनल में जगह बनाने का दूसरा मौका मिलेगा। 25 वर्षीय बलराज ने सात मिनट 7.11 सेकेंड का समय लिया।

वह न्यूजीलैंड के थॉमस मैकिनटोश (छह मिनट 55.92 सेकेंड), स्टीफानोस एनतोस्कोस (सात मिनट 1.79 सेकेंड) और अब्देलखालेक एलबाना (सात मिनट 5.06 सेकेंड) से पीछे रहे। बलराज हालांकि सीधे क्वालीफिकेशन से चूक गए, लेकिन उनके पास रेपेचेज के जरिए दूसरा मौका मिलेगा। बलराज चीन में एशियाई खेलों में चौथे स्थान पर रहे थे और उन्होंने कोरिया में एशियाई तथा ओसियाना ओलंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में कांस्य पदक जीता था।

## कजाकिस्तान ने पेरिस 2024 ओलंपिक का पहला पदक जीता

**पेरिस, एजेंसी।** कजाकिस्तान ने पेरिस 2024 ओलंपिक का पहला पदक अपने नाम कर लिया है। चेटेउरौक्स में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक मैच में जर्मनी को 17-5 से हराया। चीन और कोरिया गणराज्य, शीर्ष दो क्वालीफायर, एक ही स्पर्धा में खेलों के पहले स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

कजाख निशानेबाज एलेक्जेंड्रा ले और इस्लाम सतपायेव ने पहला राउंड 21.4-20.7 से जीतकर 2-0 की बढ़त बना ली। जर्मनी की अन्ना जानसेन और मैक्सिमिलियन उलब्रिच 3-3 और 4-4 से बराबरी करने में सफल रहीं लेकिन कभी बढ़त नहीं ले सकीं। ले और सतपायेव ने अगले तीन राउंड जीतकर स्कोर 10-4 कर दिया। हालाँकि जर्मनों ने निम्नलिखित को बराबर करने में कामयाबी हासिल की, लेकिन इससे अपरिहार्य में देरी हुई क्योंकि कज़ाकों ने एक आरामदायक जीत हासिल की। क्वालिफिकेशन राउंड में भी

पेरिस ओलंपिक्स



कजाकिस्तान तीसरे स्थान पर रहा था जबकि जर्मनी चौथे स्थान पर रहा था। भारतीय निशानेबाजों की बात करें तो वह 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन चरण में बाहर हो गए। भारत की दो जोड़ियां इस स्पर्धा में भाग ले रही थी। रमिता और अर्जुन बाबूता 628.7 के कुल स्कोर के साथ छठे, जबकि इलावेनिल वलारिवन और संदीप सिंह 626.3 के कुल स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे। रमिता और अर्जुन की जोड़ी ने एक समय उम्मीद बनाई थी।

यह भारतीय जोड़ी तीन शॉट शेष रहते पांचवें स्थान पर थी, लेकिन आखिर में पदक राउंड के कट ऑफ से 1.0 अंक पीछे रह गई। अर्जुन ने दूसरी सीरीज में शानदार शुरुआत की और 10.5, 10.6, 10.5, 10.9 का स्कोर बनाया। रमिता ने दूसरी सीरीज में 10.2, 10.7, 10.3, 10.1 का स्कोर बनाया। इससे यह जोड़ी शीर्षक आठ में तो पहुंच गई लेकिन पदक राउंड में जगह बनाने के लिए यह स्कोर पर्याप्त नहीं था। पदक राउंड में पहुंचने के लिए शीर्ष 4 में जगह बनाना जरूरी था।

# शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल में भारतीय चुनौती खत्म

### संदीप सिंह-इलावेनिल वालारिवन और अर्जुन बबूता-रमिता जिंदल हुए बाहर



**पेरिस, एजेंसी।** शूटिंग की 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम में बुरी खबर सामने आई है. इलावेनिल वलारिवन और संदीप सिंह फाइनल में जगह नहीं बना पाए और वह 12वें स्थान पर रहे. वहीं रमिता जिंदल और अर्जुन बाबुता भी छठे स्थान पर रहे. टॉप-4 टीमों ने ही मेडल राउंड के लिए क्वालिफाई किया. 2 सीरीज के बाद रमिता और अर्जुन 7वें स्थान पर हैं.

वहीं इलावेनिल और संदीप मिक्स्ड 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में 14वें स्थान पर हैं. याद रखें कि टॉप-4 टीमें ही मेडल राउंड के लिए क्वालिफाई करेगी. शूटिंग में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट के क्वालिफिकेशन राउंड में भारत के लिए फिलहाल अच्छी खबर नही है. रमिता और अर्जुन 9वें स्थान पर है. वहीं इलावेनिल वलारिवन और संदीप फिलहाल 14वें स्थान पर हैं. बता दें कि टॉप चार टीमें फाइनल में पहुंचेगी. इसमें से टॉप दो टीमें गोल्ड और सिल्वर के लिए लड़ेगी. वहीं बाकी दो के बीच कांस्य के लिए प्रतिस्पर्धा होगी. बलराज पंवार रोइंग के मेन्स सिंगल्स स्कल्स में अपनी हीट में चौथे नंबर पर रहे. पंवार ने 3 मिनट 31 सेकंड और 24 मिली सेकंड का समय लिया. पंवार डायरेक्ट क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंच सके. हालांकि लेकिन उनकी मेडल की उम्मीदें बरकरार है. उन्हें रेपचेज इवेंट के जरिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का मौका मिलेगा. शूटिंग में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में क्वालिफिकेशन राउंड शुरू हो चुके हैं. इनमें संदीप सिंह/ इलावेनिल वालारिवन और अर्जुन बबूता / रमिता जिंदल भाग ले रहे हैं. वहीं बलराज पंवार रोइंग के मेन्स सिंगल्स स्कल्स में अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं.



# जनप्रतिनिधियों के साथ समग्र विकास कार्ययोजना तैयार करने के बारे में हुई चर्चा, बैठक में बनी रूपरेखा



**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा समस्त जिलों की आगामी 20 वर्षों की आवश्यकता के दृष्टिगत समग्र विकास कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश के परिपालन में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रेषित प्रस्तावों पर चर्चा कर उपस्थित जनप्रतिनिधियों से आवश्यक सुझाव प्राप्त किए गए। बैठक में विधायक प्रह्लाद सिंह लोधी एवं राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, नगर परिषद अजयगढ़ की अध्यक्ष सीता गुप्ता, नगर परिषद पवई के अध्यक्ष बसंत दहायत सहित अन्य नगरीय निकायों के अध्यक्ष व सांसद खजुराहो एवं पन्ना विधायक प्रतिनिधि, कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, डीएफओ उत्तर वनमंडल गर्वित गंगवार, उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व मोहित सूद और संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अनंतिम रूप से तैयार प्रस्ताव एवं कार्ययोजना से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। इसके अलावा आगामी एक सप्ताह में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त लिखित प्रस्ताव व सुझाव के आधार पर कार्ययोजना को अंतिम रूप देने की कार्यवाही की जाएगी। संपन्न हुई बैठक के दौरान पन्ना जिले में भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत जरूरी विकास कार्यों और अन्य कार्ययोजना तथा रोजगार की संभावनाओं के मद्देनजर की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध में चर्चा हुई। जनप्रतिनिधियों द्वारा आंवला प्रसंस्करण इकाई की स्थापना, दिव्यांग बच्चों की आवश्यकताओं के अनुसार शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन, पर्यटन संभावना, प्राचीन महत्व के तालाबों के सौन्दर्यीकरण सहित पन्ना नेशनल पार्क के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने, हस्तनिर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के प्रयास, प्राकृतिक व ऑर्गेनिक खेती की जरूरत व मार्केट तैयार करने सहित नगर में स्वच्छता के लिए जरूरी प्रयास तथा अंडर ग्राउंड इलेक्ट्रिफिकेशन, पर्यटन व धार्मिक महत्व के क्षेत्रों में रोपवे व लाइट एंड साउण्ड शो के संचालन तथा नालों और वॉटर फॉल इत्यादि पर स्टॉप डैम के निर्माण के संबंध में चर्चा की गई।

डीएमएफ के कार्यों के संबंध में भी दिए प्रस्ताव

समग्र कार्ययोजना की बैठक उपरांत डीएमएफ फण्ड के उपयोग के संबंध में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों द्वारा जिला खनिज मद से विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए प्रस्ताव दिया गया। शासन के निर्देशानुसार डीएमएफ मद से प्राथमिकता अनुसार सामाजिक क्षेत्र तथा उच्च प्राथमिकता वाले आठ क्षेत्रों क्रमशः स्वच्छता, कौशल विकास, वृद्ध एवं निःशक्तजन कल्याण, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य की देखभाल, पेयजल प्रदाय और पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण नियंत्रण के उपायों संबंधी कार्यों पर आवश्यक चर्चा की गई।

## कलेक्टर ने जल भराव का किया निरीक्षण

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने आज सायं बायपास रोड स्थित बड़ी देवी मंदिर के निकट सड़क और पुलिया में जल भराव स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका के अधिकारियों से आवश्यक सुरक्षा उपायों पर चर्चा की। वर्षा के कारण शहर के अन्य स्थानों पर भी जल भराव स्थिति के संबंध में जानकारी लेकर तत्परतापूर्वक आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। जिला कलेक्टर द्वारा किलकिला कुंड का अवलोकन भी किया गया और सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले सहित उपस्थित अन्य अधिकारियों को अतिवर्षा की स्थिति में आवश्यक प्रबंध की पूर्व तैयारी के निर्देश दिए। साथ ही यहां रेलिंग लगवाने और बेहतर पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने की कार्यवाही के संबंध में निर्देशित किया।

## लाड़ली बहनों को 1250 रुपए के अतिरिक्त एक अगस्त को मिलेंगे 250 रुपए

**पन्ना।** सावन माह में प्रत्येक लाड़ली बहन के खाते में आने वाली एक तारीख को 250 रुपए अंतरित किए जाएंगे। यह राशि प्रतिमाह जारी होने वाली 1250 रुपए की राशि के अतिरिक्त होगी।

## शाहनगर में जन्म-मृत्यु पंजीकरण के संबंध में हुआ प्रशिक्षण



**पन्ना।** जनपद पंचायत शाहनगर के सभाकक्ष में आज जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 एवं पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन की नवीन प्रणाली के बारे में अवगत कराने के लिए प्रशिक्षण हुआ। इस प्रशिक्षण में उपस्थित समस्त ग्राम पंचायत सचिव एवं सहायक सचिव को ऑनलाइन पंजीयन के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही शंकाओं व प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

जनगणना कार्य निदेशालय मध्यप्रदेश से उपस्थित हुए प्रशिक्षकों द्वारा पीपीटी के माध्यम से जन्म मृत्यु पंजीकरण संशोधित अधिनियम 2023 की धाराओं के विषय में बताया गया। इसके अलावा सीआरएस पोर्टल के माध्यम से जन्म मृत्यु की घटनाओं के पंजीयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि जन्म मृत्यु के पंजीयन संबंधी समस्त कार्यवाही समयावधि में पूर्ण करना आवश्यक है।

## जिले में 441.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**पन्ना।** पन्ना जिले में 01 जून से 26 जुलाई 2024 तक 441.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अब तक वर्षामापी केन्द्र पन्ना में 471.3 मिमी, देवेन्द्रनगर में 297.2 मिमी, गुनौर में 375.3 मिमी, अमानगंज में 504.5 मिमी, पवई में 536 मिमी, सिमरिया में 516 मिमी, शाहनगर में 371 मिमी, रैपुरा में 526 मिमी और अजयगढ़ में 380 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वर्षा 1176.4 मिमी है।

# राजस्व महा अभियान में अब तक 3231 राजस्व प्रकरणों का हुआ निराकरण

### राजस्व महाअभियान 31 अगस्त तक रहेगा जारी

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के समस्त जनपद पंचायतो में राजस्व महा अभियान चलाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ राजस्व विभाग के मैदानी अमले द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में राजस्व महा अभियान के तहत 18 जुलाई से 21 जुलाई 2024 तक में 3231 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जिसमें अभिलेख दुरूस्तीकरण के 11 नामांतरण के 274, बटवारा के 11, नक्शा तरमीम के 2935 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इसी प्रकार राजस्व अभियान के तहत 87685 किसानों के समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण किया गया है।

गौरतलब है कि राजस्व महा अभियान के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, श्रीमती अमृता गर्ग, श्रीमती प्रगति वर्मा, श्री नरेंद्र सिंह, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के अन्य मैदानी अमले द्वारा निरंतर राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। साथ ही राजस्व महा अभियान 31 अगस्त 2024 तक जारी रहेगा।

## जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक 31 जुलाई को

**पन्ना।** स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया है। इसके माध्यम से पात्र पथ विक्रेताओं और उनके परिजनों को संबंधित विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार, 31 जुलाई को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में सर्वसंबंधित अधिकारियों को जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# जिला जल एवं स्वच्छता समिति की हुई बैठक




**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक हुई। इस मौके पर एकल व समूह नल जल योजनाओं के ग्राम स्तर पर क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्युत कनेक्शन की कार्यवाही, जलकर वसूली, ग्राम स्तर पर ग्राम जल स्वच्छता समिति के गठन तथा पृथक से मरम्मत संबंधी कार्यों के लिए समिति का खाता संधारित करने के निर्देश दिए। इस दौरान नलजल योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित कराने, निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने और कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य संबंधी अवरोध दूर होने पर अब तेजी से कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल जीवन मिशन के अधिकारियों द्वारा अब तक क्रियान्वित कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया।

कलेक्टर ने कहा कि योजना से लाभांवित ग्रामों में ग्रामवासियों के साथ बैठक कर परियोजना के महत्व व उपयोगिता के बारे में प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। मझगांय डैम की समस्त संरचनाओं का निर्माण पूर्ण होने पर और सभी प्रकार के अवरोध दूर होने पर अब बांध निर्माण संबंधी कार्य निर्बाध रूप से पूर्ण किया जाए। जल जीवन मिशन के महाप्रबंधक शिवम सिन्हा द्वारा समूह नल जल योजना की चार परियोजनाओं के माध्यम से वृहद रूप से लाभांवित होने वाले ग्रामों में योजना के क्रियान्वयन संबंधी विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामों में आयोजित जनजागरूकता गतिविधियों व जल रेखा पोर्टल के बारे में अवगत कराया गया। बताया गया कि पोर्टल पर प्रतिदिन पूर्ण कार्यों का विवरण आम नागरिक भी देख सकते हैं। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन जल संरचनाओं के पुनरूद्धार कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर विधायकगण प्रहलाद सिंह लोधी एवं राजेश वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में उदासीनता बरतने पर कमिश्नर ने वेतन रोकने के दिए निर्देश

### सबसे ज्यादा स्कूलों और आंगनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को किया जाएगा सम्मानित : कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में पिछले सप्ताह राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में शून्य प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जवाब देह अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए संबंधित सभी अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने जिला कोषालय अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वह संबंधित सभी अधिकारियो का वेतन किसी भी स्थिति में आहरित नहीं करें। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन कार्यक्रम अति महत्वपूर्ण है इसमे प्राप्त शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा है कि साप्ताहिक समीक्षा बैठक में पाया गया कि राजस्व विभाग सहित कई विभागों द्वारा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में उदासीनता बरती जा रही है जो अत्यंत खेदजनक है। कमिश्नर ने अधिकारियों को ताकित किया है कि वे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को अति गम्भीरता से लें। शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें अन्यथा उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। कमिश्नर ने समयावधि पत्रो की समीक्षा बैठक मे मनमाने तौर पर अनुपस्थित रहने पर अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग एवं संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन को कारण बताओ नोटिस जारी करने और दोनो अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश भी जिला कोषालय अधिकारी को दिए है। कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को समुचित बिजली मुहैया कराएं। जिन क्षेत्रों में वोल्टेज की समस्या आ रही है उन क्षेत्रों में कम वोल्टेज की समस्या को शीघ्र ठीक कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि चंदिया, पाली, उमरिया और ब्यौहारी क्षेत्र से समुचित विद्युत प्रदाय नहीं करने की शिकायतें निरंतर मिल रही है कमिश्नर ने मुख्य अभियंता विद्युत वितरण कंपनी को निर्देश दिए कि वह क्षेत्र के लोगों की शिकायतो का निराकरण भी सुनिश्चित कराएं। बैठक में कमिश्नर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह स्कूल और आंगनवाड़ी केद्रों का निरीक्षण करें और आंगनवाडी और स्कूलों का निरीक्षण कर बच्चों और छात्र-छात्राओं को मोटीवेट करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि जो अधिकारी आंगनवाड़ी केन्द्रों और स्कूलों का सबसे ज्यादा निरीक्षण करेंगें, स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं और बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करेंगे ऐसे अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

## कोल्ड स्टोरेज निर्माण के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की फसलोत्तर प्रबंधन घटक के तहत वर्ष 2024-25 में कोल्ड स्टोरेज टाइप-1 एवं राइपिंग चेम्बर निर्माण के लिए कृषक उद्यमियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक संचालक उद्यान पी.के. श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार हितग्राहियों को अनुदान सहायता भी प्रदान की जाएगी। उक्त योजनाओं के लाभ के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ एमपीएफएसटीएस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इस संबंध में उद्यानिकी विभाग के जिला कार्यालय से अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## राजस्व महा अभियान में पूरी लगन से कार्य करें अधिकारी: कमिश्नर



**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल संभाग के तीनों जिलों में राजस्व महा अभियान निरंतर प्रगति पर है?। राजस्व महाभियान में शहडोल संभाग के तीनों जिलों में राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने शुक्रवार को उमरिया जिले के बांधवगढ़ एसडीएम कोर्ट का निरीक्षण किया। एसडीएम कोर्ट के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने एसडीएम कोर्ट में लंबित राजस्व प्रकरणों की जांच की तथा निर्देश दिए की राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में किया जाए। इसके साथ ही कमिश्नर ने राजस्व प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की जांच कंप्यूटर के माध्यम से किया तथा निर्देश दिए की प्रकरणों का फाइल के माध्यम से निराकरण करने के साथ-साथ ऑनलाइन फीडिंग भी करें। कमिश्नर ने एसडीएम बांधवगढ़ एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि वह राजस्व महाअभियान के तहत क्षेत्र का भ्रमण करें एवं भ्रमण के दौरान नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, आदि का निराकरण करना सुनिश्चित करें तथा बी-1 का वाचन भी करवाएं। उन्होंने कहा कि राजस्व महा अभियान को सफल बनाने के लिए राजस्व अधिकारियों को पूरी लगन से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी राजस्व महा अभियान को गंभीरता से लें तथा लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

# बांधवगढ़ का प्राकृतिक सौंदर्य अक्षुण रहें इस दिशा में कार्य करें : कमिश्नर

### बांधवगढ टाइगर रिजर्व स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने कहा है कि बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र का प्राकृतिक सौंदर्य सदैव अक्षुण रहें इस क्षेत्र की सुंदरता कायम रहें और इस क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य में हर दिन इजाफा हो इस दिशा में हम सबको मिलकर काम करने की आवश्यकता है। कमिश्नर ने कहा है कि इसके लिए हमें स्थानीय लोगों को जोड़कर बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र के सौंदर्य को और अधिक बढ़ा सकते है। कमिश्नर ने कहा है कि बांधवगढ टाइगर रिजर्व के प्राकृतिक सौंदर्य बढाने के लिए स्थानीय लोगों को स्वरोजगार से जोड़ना होगा। कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि जंगली पशुओं से किसानों को होने वाली फसल हानि की क्षतिपूर्ति समय-सीमा में सुनिश्चित कराएं तथा बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पटाखे फोडने पर प्रतिबंध लगाए तथा ध्वनि प्रदूषण को सख्ती से प्रतिबंधित करें। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए है कि ध्वनि प्रदूषण से वन्य प्राणियों की शांति भंग न हो तथा टाइगर रिजर्व क्षेत्र का प्राकृतिक सौंदर्य नष्ट न हो इसके लिए बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में डीजे बजाना पूर्णत: प्रतिबंधित करें। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने यह निर्देश आज बांधवगढ टाइगर रिजर्व की स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए। स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक में सलाहकार समिति के सदस्यों ने कई सुझाव दिये जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए।

बैठक में बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में होटल एवं रिसोर्ट बनाने हेतु एनओसी के संबंध में प्राप्त आवेदनों पर चर्चा की गई। वहीं नये पर्यटन वाहनों की अनुमति के संबंध में गाइडों की भर्ती के संबंध में, ईको फैंडली क्षेत्र बनाने के संबंध में चर्चा की गई तथा महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। बैठक में कमिश्नर ने सदस्यों के सुझावों पर चर्चा करते हुए कहा कि बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में ग्राम पंचायत ताला एवं उसके आसपास के क्षेत्रो में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं, होटलों से निकलने वाले कचरा का उचित प्रबंधन कराएं तथा बांधवगढ क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए ताकि बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पर्यटक आकर्षित होकर आए। कमिश्नर ने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में रहने वाले युवाओं को बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु प्रशिक्षण दें तथा युवाओं को रोजगार से जोड़े।

बैठक में कमिश्नर ने बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में ईको फ्रेंडली गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश देते हुए कहा कि बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में लगने वाले हाट बाजारों में प्लास्टिक के उपयोग को पूर्णत: प्रतिबंधित करें, हाट बाजारों में आने वाले लोगों को कपडे के थैले के उपयोग की सलाह दें बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र के होटलों एवं दुकानों में गीले एवं सूखे कचरे के डिब्बे अनिवार्यत: रखने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करें।

बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2024-25 के लिए गाइडों के परिश्रमिक का अनुमोदन किया गया। बैठक में उप संचालक बांधवगढ टाइगर रिजर्व श्री प्रकाश वर्मा ने बताया कि लगभग 1536 वर्ग किलोमीटर में फैले बांधवगढ टाइगर रिजर्व में वर्तमान में तीन गेट है, बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में 2018 से जंगली हाथियों का मूमेंट देखा जा रहा है, लगभग 40 हाथियों के समूह ने बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र को अपना स्थाई घर बना लिया है। उन्होंने बताया कि बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघो की संघनता के मामले में मध्यप्रदेश में उच्च स्थान पर है, बाघों के आपसी संघर्ष के कारण बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में सबसे ज्यादा बाघो की मौते होती है। उन्होंने बताया कि बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में गौर और बारहसिंघा का विस्थापन किया गया था जिसके अच्छे परिणाम मिले है, गौर और बारहसिंघा की संख्या बांधवगढ टाइगर रिजर्व में बढ रही है। उन्होंने बताया कि बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में लगभग 25 हजार से ज्यादा चीतल है, लगभग 65 जंगली हाथी है। उन्होंने बताया कि पिछले सीजन में बांधवगढ टाइगर रिजर्व में लगभग 1 लाख 13 हजार पर्यटक आए जिससे लगभग 13 करोड़ 20 लाख रूपये की आय हुई। बैठक में बांधवगढ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पर्यावरण के संरक्षण ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक में क्षेत्र संचालक बांधवगढ टाइगर रिजर्व श्री एसएल उइके, कलेक्टर शहडोल श्री तरूण भटनागर कलेक्टर उमरिया श्री धरणेंद्र जैन, संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, अध्यक्ष बांधवगढ टाइगर रिजर्व होटल एसोसिएशन, सरंपच ताला एवं पतौर एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, रविवार 28 जुलाई 2024 | 8




जिले भर में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण का महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले भर में लगातार पौधे रोपित किए जा रहे हैं। उसी अवसर का दृश्य।

## राजस्व शिविरों और ग्राम सभाओं का लगातार हो रहा है आयोजन

**रीवा।** जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत राजस्व प्रकरणों का लगातार निराकरण किया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में राजस्व शिविरों और ग्राम सभाओं का आयोजन करके बी-1 का वाचन किया जा रहा है। इस क्रम में रीवा नगर निगम के सभागार में तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने वार्ड प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में किसान सम्मान निधि के ई केवाईसी तथा आधार सीडिंग के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। शहरी क्षेत्र में वार्डवार शिविर लगाकर ई केवाईसी के लंबित प्रकरण निराकरण किए जाएंगे। त्योंथर तहसील के ग्राम बसहट, पंछा में ग्राम सभा आयोजित कर बी-1 का वाचन किया गया।

तहसील हुजूर में ग्राम कोठी में किसानों के समक्ष बी-1 का वाचन किया गया। नायब तहसीलदार गुढ़ तेजपति सिंह ने



ग्राम पांती में आयोजित राजस्व शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में बी-1 के वाचन के बाद फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज किए गए। साथ ही किसान सम्मान निधि के प्रकरणों में लंबित ई केवाईसी दर्ज कराई गई। त्योंथर तहसील में ही ग्राम पंचायत गढ़ी, चौरा नानकार तथा बारीकला में भी ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। तहसील सेमरिया में आयोजित बैठक में तहसीलदार ने राजस्व महाअभियान की समीक्षा की तथा पटवारियों को किसान सम्मान निधि की ई केवाईसी के संबंध में निर्देश दिए। तहसील मनगवां के ग्राम सूरा में आयोजित ग्राम सभा में बी-1 का वाचन करके ई केवाईसी के प्रकरण निराकृत किए गए। राजस्व महाअभियान के दौरान एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी ने ग्राम खजुहा और महसांव में आयोजित राजस्व शिविरों का निरीक्षण किया।

### राजस्व महाअभियान में 5574 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**रीवा।** जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान में लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। अब तक विभिन्न राजस्व न्यायालयों में 5574 प्रकरण निराकृत किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अपर कलेक्टर तथा एसडीएम न्यायालयों में 816 प्रकरण निराकृत किए गए। तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार न्यायालयों में 4758 प्रकरणों का अभियान के दौरान किया गया। इनमें अविवादित नामांतरण, बंटवारा तथा अभिलेखों में सुधार के प्रकरण शामिल हैं। कलेक्टर ने बताया कि तहसीलदार हुजूर ने 610, नायब तहसीलदार गोविंदगढ़ 140, नायब तहसीलदार बनकुइयाँ ने 283, तहसीलदार सिरमौर ने 196 तथा नायब तहसीलदार बैकुण्ठपुर ने 254 प्रकरणों का निराकरण किया। नायब तहसीलदार लालगांव ने 267, नायब तहसीलदार शाहपुर ने 301, तहसीलदार मनगवां ने 136, नायब तहसीलदार गढ़ ने 124, नायब तहसीलदार सूरा ने 197 तथा नायब तहसीलदार डेल्ही ने 124 प्रकरणों का निराकरण किया। तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान ने 182, नायब तहसीलदार मनिकवार ने 231, नायब तहसीलदार पहड़िया ने 196, तहसीलदार त्योंथर ने 63, नायब तहसीलदार रायपुर सोनौरी ने 86 तथा नायब तहसीलदार चाक ने 113 प्रकरणों का निराकरण किया। तहसीलदार जवा ने 88, नायब तहसीलदार गढ़ी ने 137, नायब तहसीलदार अतरैला ने 96, नायब तहसीलदार डभौरा ने 172, तहसीलदार गुढ़ ने 149 तथा नायब तहसीलदार दुआरी ने 310 प्रकरणों का निराकरण किया।

### जिले में अब तक 143.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार बादल छाये हुए हैं। लगभग सभी तहसीलों में बारिश हो रही है। जिले में 27 जुलाई को 8.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 143.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। दो दिनों से हो रही बारिश से किसानों की उम्मीदें जाग गई हैं। थोड़ी और गहरी बारिश हो जाने पर धान की रोपाई में तेजी आएगी। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 184.7 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 66.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 225 मिलीमीटर, सिरमौर में 194.2 मिलीमीटर, त्योंथर में 84 मिलीमीटर, सेमरिया में 149 मिलीमीटर, मनगवां में 130 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 112 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 138.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## पिछड़ावर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक बालक एवं कन्या छात्रावास में प्रवेश के लिये 31 जुलाई को शाम 6 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। सहायक संचालक योगेन्द्र राज से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 में बालक छात्रावास में 16 छात्रों को तथा कन्या छात्रावास में 100 छात्राओं को प्रवेश दिया जाना है। उन्होंने शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा तकनीकी संस्था प्रमुखों से छात्रावास में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं को सूचित करने की अपेक्षा की है। प्रवेश के संबंध में आवेदन छात्रावास अधीक्षक तथा कार्यालय कलेक्टर पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण कक्ष क्रमांक 15 कलेक्टर कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## जिला स्तरीय पोषण अभिशरण समिति की बैठक 29 जुलाई को

**रीवा।** जिला स्तरीय पोषण अभिशरण समिति की बैठक 29 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार में टीएल बैठक के बाद आरंभ होगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल करेंगी। बैठक में जिले के कम पोषित बच्चों की परियोजनावार रिकवरी की स्थिति, पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों की स्थिति, कुपोषित बच्चों को पोषण आहार के वितरण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना से छात्रवृत्ति वितरण की भी समीक्षा जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## वृक्षारोपण अभियान में लगातार रोपे जा रहे पौधे

**रीवा।** जिले भर में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण का महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले भर में लगातार पौधे रोपित किए जा रहे हैं। गत दिवस सामाजिक संस्था सुदिशा फाउण्डेशन ने पुलिस विभाग के सहयोग से नौवीं बटालियन में 192 पौधे रोपित किए। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगवाए गए हैं। इस अवसर पर डीएसपी प्रतिभा शर्मा, उप निरीक्षक धीरज द्विवेदी तथा सुदिशा फाउण्डेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शासकीय कन्या महाविद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में प्राचार्य श्रीमती विभा श्रीवास्तव तथा छात्राओं ने



महाविद्यालय परिसर में पौधे रोपित किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीसी कैडेट्स ने सराहनीय योगदान दिया। इसी तरह सामाजिक संगठन माता का दरबार के सदस्यों ने बंदरिया मुक्ति धाम में फलदार और छायादार पौधे रोपित किए। पौधरोपण का कार्य जिले में लगातार जारी है। पर्यावरण संरक्षण के इस महाअभियान में सामाजिक संगठन तथा आमजन भी बढ़चढ़ कर भागीदारी निभा रहे हैं।

### अभिलेखों में सुधार के 156 प्रकरण किए गए निराकृत

**रीवा।** राजस्व महाअभियान में नक्शा तरमीम और अभिलेखों में सुधार के प्रकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत किए जा रहे हैं। जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान में सभी एसडीएम अभिलेखों में सुधार के प्रकरणों का निराकरण कर रहे हैं। अभियान के दौरान अब तक अभिलेखों में सुधार के 156 प्रकरण निराकृत किए गए हैं। एसडीएम हुजूर ने 52, सिरमौर ने 4, सेमरिया ने 15, रायपुर कर्चुलियान ने 10, मनगवां ने 10, जवा ने 2, गुढ़ ने 10 तथा एसडीएम त्योंथर ने 53 प्रकरणों का निराकरण किया है। अभियान के दौरान अभिलेखों में सुधार के नए प्रकरण भी दर्ज किए जा रहे हैं।

## श्री विधि से धान की रोपाई किसानों के लिये वरदान

**रीवा।** जिले में काफी बड़े क्षेत्र में धान की खेती की जाती है। अधिकतर किसान रोपा विधि से धान लगाते हैं। इसकी तुलना में मेडागास्कर विधि जिसे एस.आर.आई. श्री विधि कहा जाता है, से धान लगाना अधिक लाभकारी है। इसमें कम पानी, कम बीज और बिना खरपतवार के धान का अच्छा उत्पादन होता है। परम्परागत विधि से किसान को प्रति हेक्टेयर 20 से 25 क्विंटल धान की उपज मिलती है। इसकी तुलना में श्री विधि से धान लगाने पर प्रति हेक्टेयर 35 से 50 धक्वटल धान का उत्पादन होता है। उप संचालक यूपी बागरी कृषि ने किसानों से धान रोपण के लिये श्री विधि अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक किसानों के लिये वरदान है।

उप संचालक यूपी बागरी ने बताया कि श्री विधि से प्रति हेक्टेयर केवल 6 से 8 किलो बीज की जरूरत होती है। इसे विशेष तरह की प्लेट अथवा पॉलीथीन में नर्सरी लगाकर तैयार किया जाता है। इसमें भुरभुरी मिट्टी तथा राख का होना आवश्यक है। इसके लिये 10 मीटर लम्बी तथा 5 से.मी. ऊंची क्यारी बनायें। इसमें 50 किलो नाडेप अथवा गोबर की खाद मिलाकर बीजों की बोनी करें। बोनी से पहले बीजों को थाईरम दवा से उपचारित करें। प्रत्येक क्यारी में 120 ग्राम बीज की बोनी करें। इन्हें ढंककर हल्की सिंचाई करें। धान रोपित करने के लिये खेत को गहरी जुताई करके उसके खरपतवार नष्ट करें। खेत में पर्याप्त पानी देकर रोपाई के लिये खेत तैयार करें। इसमें नर्सरी में तैयार धान के 15 से 21 दिन के पौधे रोपित करें। तैयार खेत में मार्कर हल की सहायता से 20-20 से.मी. दूरी पर निशान बनायें। इन निशानों पर धान का केवल एक पौधा रोपित करें।

उन्होंने किसानों को सलाह देते हुए कहा कि पौधे से पौधे तथा कतार से कतार की दूरी 2 से.मी. रखें। पौधों के बीच में पर्याप्त अंतर होने पर उन्हें पर्याप्त हवा तथा नमी प्राप्त होगी। कतार में पर्याप्त दूरी रहने पर खरपतवार होने की स्थिति में कोनावीडर की सहायता से इन्हें आसानी से निकालकर खाद बनायी जा सकती है। मृदा हेल्थ कार्ड में खेत की मिट्टी में पोषक तत्वों के अनुसार खाद का उपयोग करें। इसमें गोबर की खाद नाडेप तथा वर्मी खाद का अधिक उपयोग करें। धान रोपित करने के 15 दिन बाद कम मात्रा में यूरिया का छिड़काव किया जा सकता है। श्री विधि से धान लगाने पर खेत में पानी भरने की जरूरत नही होती है। लेकिन खेत में नमी बनी रहे इसकी व्यवस्था करें। जिस समय धान के पौधो में वृद्धि हो रही हो उस समय खेत को 2 से 3 दिनों के लिये सूखा छोड़ देना चाहिये।

## आईईसी टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक बैन को लेकर किया जागरुकता अभियान

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा दिनांक 27.07.2024 को शहर के व्यवसायिक क्षेत्र में जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य लोगो को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान के बारे में जागरुक करना और इस्तेमाल न करने के लिए प्रेरित करना है। आईईसी टीम ने शहर के विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्र का दौरा किया तथा दुकानदारों से चर्चा कर उनको सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान के बारे में बताया। साथ ही




लोगो को सिंगल यूज के विकल्पों के बारे में बताया जैसे कपड़े एवं जूट से बने बैग, स्टील के डिब्बे, कांच की बोतले आदि विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया और उनको यह भी बताया कि पर्यावरण में होने वाले प्रदूषण को कैसे कम किया जा सकता है। यह आभियान शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उक्त अभियान में आईईसी टीम एवं नागरिकगण मौजूद रहे।

### 55 लोगों का डीएनए टेस्ट हुआ, तब सुलझी दुष्कर्म और हत्या की गुत्थी

**रीवा।** जिले के जवा थाना अंतर्गत एक गांव में नाबालिग की दुष्कर्म के बाद गला दबाकर की गई हत्या के मामले का पुलिस ने शुक्रवार को राजफाश कर दिया। 3 महीने पहले हुई वारदात को सुलझाने के लिए पुलिस ने 55 लोगों का डीएनए टेस्ट कराया। जांच के बाद पता चला कि नाबालिग आरोपी मृतका का नजदीकी रिश्तेदार है। पुलिस ने 2 नाबालिग किशोरियों, 1 महिला समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। तीन माह पूर्व जावा के एक गांव में 9 वर्ष के बालिका का शव पुलिस ने बरामद किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला था कि बालिका से दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या की गई है। खास बात यह रही कि आरोपी ग्रामीणों के साथ मिलकर आरोपियों को पकड़ने के लिए आए दिन प्रदर्शन कर रहा थे। पुलिस जब भी आरोपियों के नजदीक पहुंचती तो गुमराह कर दिया जाता था।

### रोपित पौधों की जानकारी अंकुर वायुदूत एप में अपलोड कराएं : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रोपित किए गए पौधों की जानकारी अंकुर वायुदूत एप में अपलोड कराने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने विभिन्न संस्था प्रमुखों तथा संबंधित अधिकारियों को उनके अधीनस्थ कार्यालयों के परिसरों में रोपित पौधों की जानकारी फोटोग्राफ सहित एप में अपलोड कराने को कहा है। कलेक्टर ने कहा है कि सभी संस्था प्रमुख और संबंधित अधिकारी 31 जुलाई तक सामुदायिक, व्यक्तिगत तथा जनभागीदारी से पौधारोपण का अभियान संचालित कराएं। निर्धारित स्थल पर पौधारोपण कार्यक्रम का सुव्यवस्थित आयोजन कराएं। रोपित पौधों की जानकारी फोटो सहित एप में अपलोड कराएं। एप में अपलोड किए गए पौधों की संस्थावार जानकारी संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक को उनके मोबाइल नम्बर 6265421474 में नियमित रूप से उपलब्ध कराएं।

## रोजगार मेला 31 जुलाई को

**रीवा।** मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत जिले के बेरोजगार युवकों-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये जिला रोजगार कार्यालय शिल्पी प्लाजा बी ब्लाक में 31 जुलाई को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि एलएण्डटी (आईसेक्ट) कंपनी में ट्रेनींज पद के लिए 18 से 28 वर्ष के 10वीं, 12वीं, आईटीआई एवं डिप्लोमा/बी.ई. पास इच्छुक बेरोजगार युवक-युवती जिन्हें 11 हजार से 20 हजार वेतनमान मिलेगा भाग ले सकते हैं। जबकि ट्रेनीज पद में 19 से 28 वर्ष के युवा आईटीआई इलेक्ट्रीशियन/ फिटर /टर्नर पद पर 11 हजार से 13 हजार रूपये प्रतिमाह वेतनमान के लिए युवा आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार ग्रेट गेलियान बेंचर्स लिमिटेड (आईसेक्ट) कंपनी में ट्रेनीज युवक-युवती जिनकी आयु 19 से 28 वर्ष हो तथा जो बीएससी, आईटीआई डिप्लोमा (एमई) इलेक्ट्रीशियन/ फिटर/टर्नर/ बेल्डर पास हो भाग ले सकते हैं जिन्हें प्रतिमाह 12 हजार से 14 हजार रूपये वेतनमान मिलेगा। प्रगतिशील बायोटेक रीवा कंपनी के लिए सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स आफीसर पद के लिए 18 से 40 वर्ष आयु के 12वीं, बीएससी (एजी), एमएससी (एजी) तथा एमबीए पास युवक-युवतियों को 8500 रूपये से 22 हजार रूपये प्रतिमाह वेतनमान देय होगा जबकि एचडीएफ लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में इंश्योरेंस एडवाइजर पद के लिए 18 से 45 आयु के 10वीं, 12वीं अथवा स्नातक पास युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं जिन्हें प्रतिमाह 12 हजार से 25 हजार रूपये प्रतिमाह वेतनमान देय होगा।

### प्रभात झा के निधन पर एआईएफबी ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**रीवा।** मध्यप्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, पत्रकार प्रभात झा के आकस्मिक निधन पर ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष जंगबहादुर सिंह गिल, जनरल सेक्रेट्री अरुण प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता नागेन्द्र सिंह कल्चुरी, अनुसूचित मंच के प्रदेशाध्यक्ष मोतीलाल साकेत, अजजा मंच के जिलाध्यक्ष राजकुमार कोल ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्रभात झा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने कहा कि झा की पहचान एक अच्छे संगठक के रूप में रही है उनका आकस्मिक निधन हम सबको दुखी करने वाला है।

## वृक्ष जीवन दायिनी प्राण वायु के मुख्य स्रोत हैं : ब्रह्माकुमारी

**रीवा।** बृक्ष जीवन दायिनी प्राण वायु के मुख्य स्रोत हैं उनमें ही मानव को प्राण वायु फल फूल पत्ती मिलती है और यह धरती को हरा भरा रखने के साथ-साथ पानी बरसाने के लिए बहुत सहायक होते हैं। प्राचीन काल से इसे पुण्य कार्य माना जाता है। एक पेड़ मां के नाम से अभियान में सभी विंध्यवासी इस मुहिम में सहभागी होकर धरती मां के प्यार का ऋण चुकाए। उक्त वक्तव्य मुख्य अतिथि के रूप में वन मंडल अधिकारी श्री अनुपम शर्मा ब्रह्माकुमारी संस्थान रीवा में संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में दैनिक जागरण के वरिष्ठ संपादक श्री देवेंद्र सिंह जी,प्रोफेसर ए पी सिंह और हाजी एक खान ने कहा कि मानव का स्वभाव पेड़ों से अनुराग और अपनत्व का है एक



पेड़ काटने की पूर्व हमें 10 पेड़ लगा देना है। यही पेड़ों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण व परोपकारी भाव है। इस कार्यक्रम में डॉ आरती तिवारी डॉ ममता नरेंद्र सिंह, मुख्य अभियंता शेर बहादुर सिंह परिहार और डॉ सुनीता पांडे ने कहा कि पेड़ हमें मानवी मूल्य का पाठ पढ़ाते हैं मुख्य वक्ताओं में शिव सिंह किसान सभा के अध्यक्ष और संरक्षक श्री रामजीत सिंह ने बताया कि पेड़ का स्वभाव दातापन का होता है। बच्चों के पत्थर मारने पर वह बदले में फल देते हैं।

इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान रीवा के समन्वयक अमित अवस्थी ने कहा कि मैं 50 पेड़ इस वर्ष लगाकर धरती मां का ऋण चुकाऊंगा। इस अवसर पर विंध्य क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों व बुद्धिजीवियों ने अपने विचार रखें जिसमें प्रमुख रूप से निलेश श्रीवास्तव, आशीष खरे, नेहा सिंह, डॉ विकास श्रीवास्तव,ओमकार श्रीवास्तव,सुरेश कुमार एडवोकेट,डॉ शाहिद परवेज, परामचन्द्र वर्मा, बीके बहादुर भोपाल,प्राचार्य दीपक तिवारी,उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी संस्थान की क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी बीके निर्मला दीदी ने कहा कि पेड़ को पूर्वकाल पुत्र के रूप में, देव व देवी के रूप में पूजा जाता था जिसका मुख्य भाव यही था कि लोग जितना पेड़ों के प्रति सम्मान श्रद्धा रखेंगे उतना ही वह पेड़ लगाकर मानवता को सुरक्षित करेंगे। आभार प्रदर्शन बीके डॉक्टर अर्चना बहन बीके नम्रता बहन जी ने किया। इस अवसर पर भिन्न क्षेत्र की गांड मारने नागरिकों बुद्धिजीवियों और सभी वर्ग के गणमान्य नागरिकों को पेड़ एक पेड़ भेंट करके सम्मानित किया गया।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833